पौष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 167 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

भोपाल, 20 दिसंबर 2025 शनिवार

## आज से भोपाल भी मेट्रो सिटी



## खत्म होगा 16 साल का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल के लोगों का 16 साल लम्बा इंतज़ार आज तब ख़त्म होगा जब पहली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर बाद 4 बजे इसकी वर्चुअली शरुआत करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर पहली ट्रेन में सवारी करेंगे। उनके साथ नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहेंगे। कल यानी 21 दिसंबर से शहर की जनता इसमें सफर कर सकेगी। पहले चरण में सिर्फ प्रायोरिटी कॉरिडोर का एम्स से सुभाष नगर तक 7.2 किलोमीटर का सफर शुरू हो रहा है। जिस धीमी रफ़्तार के साथ इस प्रजेक्ट का काम अब तक हुआ है, उसके बाद आगे इसे समय से पूरा करना बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का शुरूआती प्लान 2009 में बना था। 2011 में डीपीआर बनाने के आदेश हुए और 2018 में पहला वर्क ऑर्डर हुआ। करीब आठ साल बाद पहला कॉरिडोर शुरू हो रहा है। एमपी मेट्रो कॉरपोरेशन ने भोपाल और इंदौर में एक साथ काम शुरू किया, लेकिन इंदौर आगे निकल गया। दरअसल भोपाल में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की कमी ने यहां काम की रफ़्तार को रोके रखा। अभी भी अगले चरण के लिए जहां काम होना है वहां से अतिक्रमण हटाने में प्रशासन कामयाब नहीं हो पा रहा है।

मेट्रो प्रोजेक्ट की सफलता तभी कही जाएगी जब लोग अपने वाहन छोड़कर नियमित रूप से इसमें सफर करने लगें। यह तभी होगा जब पूरे शहर में आगे का काम तेज़ रफ़्तार से हो। इसके साथ ही स्टेशनों पर पार्किंग के पर्याप्त इंतज़ाम हों। ऐसा इंदौर में नहीं हो सका इसलिए वहां आज मेट्रो लगभग बिना यात्रियों के ही फेरे लगा रही है। प्रोजेक्ट को रफ़्तार देने के लिए सरकार को चाहिए कि सभी सम्बंधित विभागों के बीच तालमेल बिठाकर काम की रफ़्तार को बढ़ाए। साथ ही नियमित रूप से सख्त मॉनिटरिंग भी हो।

**» प्रधानमंत्री 4 बजे वर्चुअली करेंगे उद्घाटन, सीएम मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे पहला सफर**

**» पहले चरण में ऑरेंज लाइन पर सिर्फ 7.2 किमी का सफर**

**» प्रोजेक्ट को आगे रफ्तार देना सरकार के सामने बड़ी चुनौती**

### ■ नाबालिगों के यौन शोषण के आरोपी एपस्टीन से जुड़े 3 लाख दस्तावेज जारी

### ■ अमेरिका की राजनीति में हलचल, कई और रसूखदारों का खुलासा होने के आसार

# लड़कियों के साथ नहाते दिखे बिल क्लिंटन प्रिंस एंड्रयू व माइकल जैक्सन के फोटो भी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन मामले से जुड़े दस्तावेजों की एक बड़ी खेप जारी की है। भारतीय समय के अनुसार शुक्रवार रात करीब ढाई बजे पांच सेट में करीब तीन लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। इन फाइलों में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप स्टार माइकल जैक्सन, अभिनेता क्रिस टकर और ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू जैसी चर्चित हस्तियों की तस्वीरें शामिल हैं। जारी तस्वीरों में कुछ फोटो ऐसी भी हैं, जिनमें बिल क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में समय बिताते और पार्टी करते दिखाई देते हैं। पहले चार सेट एक साथ जारी किए गए थे, जबकि कुछ घंटों बाद पांचवां सेट भी सार्वजनिक किया गया। कुल मिलाकर करीब 3,500 से ज्यादा फाइलें सामने आई हैं, जिनमें 2.5 जीबी से अधिक का डेटा शामिल है। हालांकि, कई तस्वीरों के बारे में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वे किस जगह की हैं। पहले चरण के दस्तावेज सामने आने के बाद अमेरिकी राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

### ओपरा विनफ्रे और अभिनेता स्पेसी भी

अब तक जारी दस्तावेजों और तस्वीरों में कई नामी हस्तियां सामने आई हैं। इनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पॉप स्टार माइकल जैक्सन शामिल हैं। इसके अलावा ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू अपनी पत्नी सारा फर्ग्यूसन के साथ नजर आए हैं। तस्वीरों में अमेरिकी टीवी होस्ट ओपरा विनफ्रे, हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी और क्रिस टकर के साथ ही अरबपति कारोबारी रिचर्ड ब्रैनसन भी दिखाई देते हैं।





### ट्रंप का नाम सीमित जगहों पर

न्यूयॉर्क टाइम्स की शुरुआती समीक्षा के मुताबिक, जारी की गई फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम बहुत सीमित रूप से सामने आया है, जबकि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से जुड़ी तस्वीरें और संदर्भ ज्यादा नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन एपस्टीन फाइलों की शुरुआती जांच की गई है, वे काफी हद तक रेडैक्टेड यानी ब्लैकआउट थीं। जो जानकारियां साफ दिखाई दीं, उनमें डोनाल्ड ट्रंप का नाम सीमित जगहों पर ही सामने आया। ट्रंप का उल्लेख एपस्टीन की एड्रेस बुक, फ्लाइट लॉग्स और फोन कॉल से जुड़े मैसेज रिकॉर्ड में मिला। इसके अलावा कुछ पुरानी तस्वीरें भी शामिल हैं, जिनमें ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप, एपस्टीन और उसकी करीबी सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल के साथ नजर आते हैं।

### » हॉट टब में दिखाई दिए पूर्व राष्ट्रपति

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से जुड़ी कई तस्वीरें इस खेप में सामने आई हैं। जारी तस्वीरों में क्लिंटन एक निजी विमान में दिखाई देते हैं, जहां उनके पास बैठी महिला का चेहरा ढका हुआ है। इसके अलावा स्विमिंग पूल और हॉट टब में उनकी मौजूदगी वाली तस्वीरें भी शामिल हैं। कुछ तस्वीरों में क्लिंटन को जेफ्री एपस्टीन की करीबी सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल के साथ देखा गया है। हालांकि, इन सभी तस्वीरों के समय और संदर्भ को लेकर जारी फाइलों में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

### » एपस्टीन से रिश्तों पर ट्रंप की सफाई

डोनाल्ड ट्रंप पहले भी कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने 2000 के शुरुआती वर्षों में ही एपस्टीन से संबंध तोड़ लिए थे। ट्रंप का कहना है कि जब एपस्टीन ने उनके फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो रिसॉर्ट से एक कर्मचारी को अपने यहां काम पर रखा, उसके बाद दोनों के रिश्ते खत्म हो गए।

### » आगे और दस्तावेज होंगे जारी

न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी टॉड ब्लांश ने बताया कि आने वाले हफ्तों में एपस्टीन से जुड़े और भी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएंगे। हालांकि, संभावित पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जरूरी हिस्सों को धुंधला किया जाएगा।

## न्यूज विंडो

### इमरान खान और पत्नी बुशरा को 17 साल की सजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में जेल में बंद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान कोर्ट ने 17-17 साल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक स्पेशल कोर्ट ने आज को पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 मामले में ये सजा सुनाई है। पूरा मामला साल 2021 में एक आधिकारिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस द्वारा इमरान को गिफ्ट किए गए एक महंगे बुल्गारी ज्वेलरी सेट को बहुत कम कीमत पर खरीदने से जुड़ा है।



### दिल्ली एयरपोर्ट पर 129 फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एक बार फिर घने कोहरे और खतरनाक प्रदूषण की चपेट में है। आज सुबह कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य तक गिर गई, जिससे सड़क से लेकर हवाई यातायात तक सब प्रभावित हो गया। इस मौसमी आपदा का सबसे बड़ा असर इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पड़ा है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आज के लिए 66 आने वाली और 63 जाने वाली फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। कुल 129 उड़ानें कैंसिल होने से हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

### आज का कार्टून




## सैरांग-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की टक्कर से आठ हाथियों की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के होजाई जिले में हुए एक ट्रेन हादसे में पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई। हालांकि ट्रेन की टक्कर लगने से आठ हाथियों की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने बताया कि आज तड़के असम के होजाई जिले में सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हाथियों के एक झुंड के आठ हाथियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना में पांच कोच और ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया, हालांकि किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन के साथ यह हादसा तड़के करीब 2.17 बजे हुआ। नगांव के डिविजनल वन अधिकारी सुहास कदम ने बताया कि यह घटना होजाई जिले के चांगजुराई इलाके में हुई। कदम और अन्य वन अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित जमुनामुख-कांपुर सेक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों को दूसरी लाइन से डायवर्ट किया गया है।

## यंग एंटरप्रन्योर्स कॉन्फ्रेंस



**इंदौर।** यहां ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वायईएफ भारत समिट 2025 में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिरकत की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा उद्यमियों को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं का आव्हान किया कि वे अपनी प्रतिभा से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करें। सरकार हर संभव मदद करेगी।

## एयरपोर्ट पर पायलट ने 7 साल की बेटी के सामने यात्री को पीटा

### एयर इंडिया का पायलट सस्पेंड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा कथित तौर पर एक यात्री पर हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। हमले में लहूलुहान यात्री अंकित दीवान ने सोशल मीडिया पर डीजीसीए, एयर इंडिया और दिल्ली पुलिस को टैग कर अपना फोटो पोस्ट किया है। विवाद सिक्योरिटी चेक की लाइन को लेकर हुआ था। एयरलाइन ने जांच पूरी होने तक आरोपी पायलट को सस्पेंड कर दिया है। सूत्रों ने बताया घटना के समय आरोपी पायलट ड्यूटी पर नहीं था। यात्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में झगड़े के बाद अपने चेहरे पर खून की एक फोटो भी शेयर की। उसने पायलट की भी एक फोटो शेयर की। दीवान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एयर इंडिया एक्सप्रेस के कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल ने दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर उन पर हमला किया और उनकी 7 साल की बेटी, जिसने हमला देखा, अभी भी सदमे में है और डरी हुई है।''

एक बयान में, एयरलाइन ने कहा कि उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई घटना की जानकारी है, जिसमें उसका एक कर्मचारी शामिल था, जो दूसरी एयरलाइन में यात्री के तौर पर यात्रा कर रहा था, और उसका दूसरे यात्री से झगड़ा हुआ था। एयरलाइन ने कहा, 'हम ऐसे व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं। संबंधित कर्मचारी को जांच होने तक तत्काल प्रभाव से आधिकारिक ड्यूटी से हटा दिया गया है।



## ढाका लाया गया हादी का शव, अलर्ट पर सरकार

**ढाका, एजेंसी**

इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश हिंसा की आग में जल रहा है। कई शहरों से आगजनी और तोड़फोड़ की खबरें आ रही हैं और हालत बेकाबू हो रहे हैं। हादी का शव सिंगापुर से बांग्लादेश की राजधानी ढाका पहुंच गया है। शव पहुंचे के बाद से एक बार फिर बांग्लादेश में बवाल की आशंका देखने को मिल रही है। ढाका विश्वविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ (डुक्सू) की नेता फातिमा तस्नीम जुमा ने बताया कि इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को उनके परिवार के अनुरोध पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काज़ी नज़रुल इस्लाम के बगल में दफनाया जाएगा। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, जुमा ने कहा, परिवार के अनुरोध पर हादी को कवि नजरुल के बगल में दफनाया जाएगा। आज जुहर की नमाज के बाद मानिक मियां एवेन्यू में जनाजा होगा। ढाका में अभी तनाव की स्थिति बनी हुई है। अंतिम संस्कार के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



**मेट्रो एंकर** | सुप्रीम कोर्ट का फैसला... पारिवारिक मामलों में अदालतों को सावधानी बरतने की नसीहत

# पति अगर पत्नी से खर्च का हिसाब मांगे तो यह क्रूरता नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगर कोई पति अपनी पत्नी से खर्च का हिसाब रखने के लिए कहता है तो क्या ये क्रूरता है? एक महिला द्वारा पति के खिलाफ दायर केस में सुप्रीम कोर्ट ने साफ़ कर दिया कि पति का पत्नी से घर के खर्च का हिसाब एक्सेल शीट में रखने के लिए कहना क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता है। कोर्ट ने इस आधार पर पत्नी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि यह भारतीय समाज की एक झलक हो सकती है, जहां अक्सर पुरुष घर के पैसों का हिसाब-किताब अपने हाथ में रखना चाहते हैं, लेकिन यह क्रूरता का आधार नहीं बन सकता। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि अदालतों को वैवाहिक मामलों में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें केसों को सुलझाते समय असलियत को ध्यान में रखना चाहिए। कई बार ये मामले रोजमर्रा के छोटे-मोटे झगड़ों की वजह से होते हैं, जिन्हें क्रूरता नहीं कहा जा सकता। एक पति की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।



### पत्नी की आपत्ति, माता-पिता को पैसे भेजता था पति

इस मामले में पत्नी ने पति के खिलाफ कई आरोप लगाए थे, जैसे कि पति अपने माता-पिता को पैसे भेजता था। पत्नी से रोज के खर्च का हिसाब रखने को कहता था और बच्चे के जन्म के बाद उसके वजन को लेकर ताने मारता था। शीर्ष कोर्ट ने इन सभी आरोपों को सुनने के बाद कहा कि इनमें से कोई भी क्रूरता की परिभाषा में नहीं आता है और इसलिए केस को रद्द किया जाता है। अदालत ने कहा कि पति का अपने परिवार को पैसे भेजना कोई ऐसी बात नहीं है जिसे गलत समझा जाए और उस पर आपराधिक कार्रवाई की जाए। यह आरोप कि पति ने पत्नी को सभी खर्चों का एक्सेल शीट में हिसाब रखने के लिए मजबूर किया, अगर इसे सच भी मान लिया जाए, तो भी यह क्रूरता की परिभाषा में नहीं आता है। सर्वोच्च अदालत ने आगे कहा कि खर्च का हिसाब मांगना क्रूरता नहीं माना जा सकता। खासकर तब जब पत्नी को कोई खास मानसिक या शारीरिक नुकसान न हुआ हो।

### पति के खिलाफ पत्नी की एफआईआर कर दी रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने वकील प्रभाजीत जौहर की दलीलें सुनीं, जो पति की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि यह कानून का दुरुपयोग है और उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। अदालत ने कहा कि एफआईआर को पढ़ने से ही पता चलता है कि पत्नी के आरोप अस्पष्ट और सामान्य हैं। उसने किसी भी उत्पीड़न की घटना का कोई सबूत या खास जानकारी नहीं दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अदालतों को शिकायतों से निपटने में बहुत सावधान रहना चाहिए और वैवाहिक मामलों में असलियत को ध्यान में रखना चाहिए।

# आईएएस सर्विस मीट में 4 टीमों के बीच हुई रोमांचक बोट रेस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आईएएस सर्विस मीट के दूसरे दिन शनिवार को बोट क्लब में बोट रेस का आयोजन हुआ। बड़े तालाब में आयोजित बोट रेस में चार हाउस रेड, ब्लू, ग्रीन और यलो के अधिकारी और उनके परिजन कड़ाके की ठंड में उत्साह के साथ शामिल हुए। 200 मीटर की दूरी वाली रेस में प्रत्येक टीम में तीन वयस्क पुरुष, एक अनुभवी खिलाड़ी, एक महिला और एक बच्चा शामिल थे, साथ ही चार सपोर्ट सदस्य एक गाइड और एक ड्रमर भी टीम के साथ थे। बोट रेस के दौरान डीजे की धुनों और गीत-संगीत ने माहौल को और रंगीन बना दिया। सुबह लहरों के बीच रेस और मौज-मस्ती के बाद अधिकारी अरेरा क्लब में दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके साथ ही आज चारों हाउस के तहत कुकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें अलग-अलग व्यंजन तैयार किए जाएंगे। इस कुकिंग कॉम्पीटिशन में महिला और पुरुष आईएएस अधिकारियों के साथ उनके परिजन भी शामिल होकर अपनी-अपनी टीम का उत्साह बढ़ाएंगे। इसके अलावा चारों हाउस के तहत आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में महिला और पुरुष आईएएस अधिकारी और उनके परिजन अलग-अलग व्यंजन बनाकर अपनी टीम का उत्साह बढ़। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की संतुष्टि के साथ हुआ।

# कहीं हम बोर्ड परीक्षा में फेल तो नहीं हो जाएंगे... माशिमं की हेल्पलाइन पर हर रोज आ रहे फोन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले परीक्षार्थियों की मदद के लिए अपनी हेल्पलाइन सेवा शुरू कर दी है। इसके लिए नंबर 18002334363 जारी किया गया है। यहां सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक फोन कर परीक्षा संबंधी मदद मांगी जा सकती है। परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की मदद के लिए 18 काउंसलर नियुक्त कर दिए गए हैं।

इस हेल्पलाइन पर फोन करने वाले अधिकतर विद्यार्थियों को फेल होने का डर सता रहा है। कांउसलर का कहना है कि अभी तक हेल्पलाइन पर विद्यार्थियों की विषय संबंधी समस्याएं ज्यादा आ रही हैं। हेल्पलाइन में विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि कहीं पेपर तो नहीं बिगड़ जाएगा या फिर जो पढ़ रहे है, परीक्षा में उससे अलग हटकर प्रश्न तो नहीं आएंगे। 10 विद्यार्थियों ने पूछा है कि कहीं फेल तो नहीं हो जाएंगे। मन में ऐसे विचार आ रहे है, तो इसके लिए क्या किया जाए।




विद्यार्थियों को सलाह दी जा रही है कि वह पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर केंद्रित करें। परिवार सदस्यों व दोस्तों के साथ खेलों में भागीदारी करें। इससे वे तनाव मुक्त रहेंगे।

**मंडल और संचालनालय बना रहे संयुक्त रूपरेखा:** माशिमं और लोक शिक्षण संचालनालय(डीपीआई) ने संयुक्त रूप से बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए जो माडयूल तैयार किए गए है। इसमें वही विषय वस्तु समाहित की गई, जो शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को कक्षाओं में पढ़ाई गई है। इनमें प्रश्नों के साथ उत्तर दिए गए हैं। जिसे विद्यार्थी सहज और सरल तरीके से हल कर सकते हैं। यह रिवीजन के लिए फायदेमंद होगा।

बता दें माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2026 में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की तारीख 6 महीने पहले ही घोषित कर दी है। 12वीं की परीक्षा 7 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगी। वहीं, 10वीं की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी और 2 मार्च को खत्म होगी। पिछले साल 6 अगस्त को टाइम टेबल जारी किया गया था। दोनों ही बोर्ड कक्षाओं का पहले दिन हिंदी का पेपर होगा। प्रैक्टिकल परीक्षा 10 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगी। एग्जाम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। सभी उम्मीदवारों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। 15 मिनट पहले एग्जाम हॉल में एंट्री बंद कर दी जाएगी। एग्जाम शुरू होने से 10 मिनट पहले स्टूडेंट्स को उत्तरपुस्तिका उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं, 5 मिनट पहले प्रश्न पत्र दिए जाएंगे।

## अभिभावकों के भी आ रहे फोन

अभिभावक भी फोन कर रहे हैं कि बच्चों की तैयारियां कैसे करवाएं। उन्हें सलाह दी जा रही है कि वे बच्चों पर कोई दबाव न बनाएं।उन्हें घरों में खुश होकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। इससे वह तनावमुक्त रहकर ही अच्छी पढ़ाई कर सकेंगे। बता दें कि प्रदेश10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं सात फरवरी से शुरू हो रही हैं। मंडल ने हेल्पलाइन को निर्देश दिए हैं कि 24 घंटे विद्यार्थियों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान किया जाए। हेल्पलाइन में करीब हर दिन 300 से 400 काल आ रहे हैं।

### मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दिया गया प्रशिक्षण

# भीड़ नियंत्रण की प्रभावी क्षमता बढ़ाने के लिए की मॉक ड्रिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

7वीं वाहिनी विसबल ने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में व्यापक बलवा नियंत्रण ड्रिल का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी को मजबूत करने और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी क्षमता को सुदृढ़ करना है। वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रिल के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने तथा बलवा जैसी परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, जिनसे विशेष बलवा नियंत्रण टोलियां और बलवाई दल गठित किए गए। योजनाबद्ध रूप से संघर्ष की स्थिति उत्पन्न की गई, जिस पर बलवा नियंत्रण दलों ने रणनीतिक उपाय अपनाते हुए नियंत्रित ढंग से अश्रुगैस का प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। अभ्यास के दौरान कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। ड्रिल के समापन तक सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षित रहे। अभ्यास के दौरान संयम, सतर्कता और वास्तविक परिस्थितियों में रणनीतिक निर्णय लेने पर विशेष बल दिया। ड्रिल के उपरांत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के प्रथम चरण में अनुशासन एवं मर्यादित जीवन अभियान के अंतर्गत तीन अधिकारी-कर्मचारियों को नशीले पदार्थों से पूर्ण मुक्ति का



संकल्प लेने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद सेनानी ने कर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस पूरे आयोजन से वाहिनी में मनोबल, अनुशासन और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यह अभ्यास सेनानी हितेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ।

# कोहरे का असर: राजधानी समेत 12 से ज्यादा ट्रेनें 10 घंटे तक लेट

## दिल्ली से आने वाली 50 से ज्यादा ट्रेनों पर असर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दिल्ली और उत्तर भारत की ओर घने कोहरे और खराब मौसम का सीधा असर शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन रेल यातायात पर देखने को मिला। उत्तर भारत की तरफ से भोपाल आने वाली 12 से अधिक ट्रेनें तय समय से देरी से पहुंचीं। अब तक 50 से ज्यादा ट्रेन है तीन दिनों के दौरान लेट हो चुकी हैं। कई ट्रेनों को डेढ़ घंटे तो कुछ को 10 घंटे तक की देरी झेलनी पड़ी, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेल अधिकारियों के अनुसार, उत्तर भारत में विजिबिलिटी कम होने के कारण ट्रेनों की रफ्तार घटानी पड़ी। इसके चलते लंबी दूरी की मेल, एक्सप्रेस और राजधानी ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। भोपाल एक्सप्रेस करीब 6 घंटे 30 मिनट की देरी से पहुंची, जबकि शताब्दी



एक्सप्रेस लगभग 1 घंटे 55 मिनट लेट रही। केरल एक्सप्रेस 9 घंटे 35 मिनट और कालका-शिरडी एक्सप्रेस करीब 10 घंटे की देरी से भोपाल पहुंची। इसके अलावा हजरत निजामुद्दीन से सीएसएमटी जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस भी पौने तीन घंटे देरी से आई।

### शहर की दो कॉलोनियों में बिजली का मुद्दा...मंत्री के साथ हुई मीटिंग

# गोकुलधाम पर बिजली बिल का 1.27 करोड़ बकाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल की 2 बड़ी कॉलोनी- गोकुलधाम और द्वारकाधाम सोसाइटी में बिजली की बकाया राशि के मुद्दे पर मंत्री विश्वास सारंग को मीटिंग करना पड़ी। गोकुलधाम में पिछले 1 साल से न तो बिल्डर और न ही कॉलोनी के लोगों ने बकाया राशि जमा कराई। इस कारण बकाया राशि 1.27 करोड़ रुपए हो गई। द्वारकाधाम में भी राशि बकाया है।

गांधीनगर जेल रोड स्थित गोकुलधाम सोसाइटी के करीब 400 घरों के बिजली कनेक्शन पिछले साल नवंबर महीने में काटे गए थे। इसके चलते रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किए थे। इस दौरान बिल्डर-कॉलोनी के लोगों द्वारा राशि जमा करने की बात कही थी, लेकिन अब तक राशि जमा नहीं की गई। इससे बकाया राशि का आंकड़ा बढ़ता गया। दोनों कॉलोनियों में आ रही बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर मंत्री सारंग ने बैठक की। इसमें



बताया कि 29 नवंबर 2024 को लिए गए निर्णय के बाद भी राशि जमा नहीं कराई गई। द्वारकाधाम कॉलोनी में रहवासियों ने 17 लाख रुपए जमा किए, लेकिन बिल्डर ने बाकी 39 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया। जिससे यह राशि अब 53 लाख रुपए हो गई है। इसके अलावा द्वारकाधाम कॉलोनी के वर्तमान विद्युत बिलों के अंतर्गत लगभग 15 लाख रुपए बकाया है। यहां लोग नियमित राशि जमा करवा रहे हैं। दूसरी ओर, गोकुलधाम कॉलोनी के बारे में बताया कि पिछली बैठक के समय कुल बकाया राशि 72 लाख रुपए थी। जिसमें से रहवासियों को 5 मासिक किश्तों में 28 लाख और बिल्डर को 44 लाख रुपए जमा करने थे। मंत्री सारंग ने दोनों पक्षों को सुना। गोकुलधाम कॉलोनी के संबंध में कॉलोनीवासी और बिजली कंपनी के बीच सहमति के आधार पर 31 दिसंबर-25 तक कुल राशि का 50 फीसदी हिस्सा कॉलोनीवासियों एवं बिल्डर द्वारा जमा कराया जाएगा।

# दृष्टिमन नाट्य समारोह आज से 24 दिसंबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दृष्टिमान थिएटर नेहरू नगर सभागार में दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति का दृष्टिमन नाट्य समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के प्रथम दिन रामकृष्ण रिपरटायर कलर एवं सोशल सोसायटी की प्रस्तुति विशाल चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित नाटक 'मोचीराम' और पूर्व रंग में कुलदीप रघुवंशी द्वारा निर्देशित नाटिका 'गुड़िया का जीवन का मंचन होगा, दूसरे दिन 21 दिसंबर को दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा नाटक- 'बादशाहत का खात्मा' का मंचन किया जाएगा, और समारोह के तीसरे दिन 22 दिसंबर को कुटुंब थिएटर एवं वेलफेयर सोसाइटी की प्रस्तुति और मुकेश मंडेकर निर्देशन नाटक 'दवाशंकर की डाबरी' का मंचन होगा, 23 दिसंबर को रेणुका वरमैया द्वारा निर्देशित नाटक 'हां मैं सावित्रीबाई फुले हूं और पूर्व रंग में दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा कथा पाठ 'रोटी का मंचन होगा। चौथे दिन (समापन दिवस) 24 दिसंबर 2025 को लेट्स विन हार्ट थिएटर सोसाइटी की प्रस्तुति एवं राज कुमार अहिरवार द्वारा निर्देशित नाटक-डेढ़ इंच ऊपर का मंचन होगा।

**मेट्रो एंकर**

### रवीन्द्र भवन में कलापद्मोत्सव में कलाकारों ने दी भरतनाट्यम की प्रस्तुति

# मुद्रा व ताल की सटीकता ने समृद्ध परंपरा को किया जीवंत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रवींद्र भवन में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवतियों में 55 वर्ष के परिपक्व कलाकारों के साथा मंच पर भरतनाट्यम की प्रस्तुतियां दीं। आयु का कोई बंधन नहीं और साधना का कोई अंत नहीं इस भाव को साकार करती इन प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया। उत्सव का आयोजन और निर्देशन भारती होम्बल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को स्वर्गीय नृत्यगुरु शंकर होम्बल, स्वर्गीय गुरु गिरिजा होम्बल और स्वर्गीय गुरु प्रेमचंद होम्बल की स्मृति को समर्पित किया गया। मंगलाचरणम् से लेकर तिल्लाना तक की रचनाओं में भाव अभिव्यक्ति मुद्राओं और ताल की सटीकता ने भरतनाट्यम की समृद्ध परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया। यह मनोहारी दृश्य कलापद्म भरतनाट्यम नृत्य अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कलापद्मोत्सव में देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति विभाग भोपाल की उपसंचालक भारती सिंह राजपूत उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में पंचाक्षरी संगीत समिति की निदेशक विजया कोरवार और कला क्षेत्र के वरिष्ठ निर्देशक प्रदीप कृष्णन कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्सव के दौरान नृत्याचार्य गुरु शंकर होम्बल की स्मृति में दो कलाकारों को नृत्याचार्य गुरु शंकर होम्बल सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान गीता तिवारी और एलिजाबेथ गुप्ता को दिया गया। कार्यक्रम में भरतनाट्यम नृत्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की उद्घोषणा डॉ सुमित्रा मिश्रा द्वारा की गई।

# देखा है तेरी आंखों में प्यार ही प्यार बेशुमार...

## वन मेले में संगीत संध्या का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लाल परेड ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय वन मेले का आयोजन किया जा रहा है। बीते दिनों संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेके म्यूजिकल ग्रुप ने कार्यक्रम का आरंभ ईश वंदना से किया। इसके बाद एकल गीतों के क्रम में डॉ. संतोष तिवारी द्वारा रफी साहब का मशहूर गीत देखा है तेरी आंखों में प्यार ही प्यार बेशुमार... कुलदीप सिंह द्वारा शैलेंद्र सिंह का गीत मैं शायर तो नहीं... उदय भंडारे द्वारा किशोर कुमार का चेहरा है या चांद खिला है... प्रदीप सक्सेना द्वारा मुकेश जी का महबूबा ओ महबूबा तेरे दिल के पास ही है मेरी मंजिल प्रस्तुत किया गया। युगल गीतों में जेके और नीति मालवीय द्वारा सोखियों में घोला जाए फूलों का शबाब..., उदय और नीति द्वारा तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती और वाणी पुरोहित तथा



नरेश मालवीय ने घूंघट की आड़ से दिलबर का... गाने की प्रस्तुति दी। संगीत संध्या में एकल एवं युगल कुल 20 गीतों दी गई।




- प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक नियमित संचालन
- आधुनिक एयर-कंडीशण्ड कोच
- हाई-स्पीड लिफ्ट और एस्केलेटर
- ए.आई. आधारित सुरक्षा एवं प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स

- दिव्यांगजन हेतु सहज पहुंच
- 7 किमी, 8 एलिवेटेड स्टेशन
- ऑडियो–विज़ुअल पैसेंजर सूचना प्रणाली
- समर्पित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी

- तेज़, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन
- यात्रा समय में कमी, सड़क ट्रैफिक से राहत और आम जनता के लिए अधिक सुविधाजनक

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhypradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

म.प्र. माध्यम/123603/2025

## भरोसे की व्यवस्था

पुलिस व्यवस्था केवल कानून के अक्षर का पालन भर नहीं है, वह राज्य और समाज के बीच भरोसे की सबसे अहम कड़ी भी है। पुलिस महानिदेशक-महानिरीक्षक सम्मेलन 2025 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन इसी मूल भावना को रेखांकित करता है। उन्होंने पुलिस अफसरों को अपने व्यवहार और भाषा को लेकर अत्यंत सजग रहने की नसीहत देकर यह स्पष्ट किया कि शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व ही प्रभावी पुलिसिंग की पहचान है। मुख्यमंत्री का यह आग्रह कि नवाचार करने वाले और सामाजिक सरोकारों से जुड़कर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन मिले, व्यवस्था में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। यह सोच पुलिस को केवल दंडात्मक संस्था के दायरे से बाहर निकालकर एक सहयोगी और समाधान-केंद्रित बल के रूप में स्थापित करने की दिशा में है। जनता के बीच पुलिस की छवि यदि मददगार और अनुशासित बनेगी, तो कानून व्यवस्था अपने आप मजबूत होगी। सड़क दुर्घटनाओं पर दिया गया जोर भी समय की मांग है। ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, तकनीक का इस्तेमाल, नियमित पेट्रोलिंग और ओवरस्पीडिंग व नशे में ड्राइविंग के खिलाफ सख्ती- ये सभी उपाय यदि ईमानदारी से लागू हों, तो असंख्य जानें बचाई जा सकती हैं। 'राहवीर योजना' के प्रचार और ड्राइवरों के आंखों के परीक्षण जैसे सुझाव बताते हैं कि सरकार केवल दंड नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता को भी समान महत्व दे रही है। आपात सेवाओं और निजी अस्पतालों के बीच संभावित अनैतिक गठजोड़ पर सतर्कता का संदेश स्वास्थ्य प्रणाली की पारदर्शिता के लिए भी जरूरी है। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताना एक नीतिगत प्रतिबद्धता है, पर इसकी सफलता जमीन पर त्वरित कार्रवाई और निरंतर निगरानी से ही तय होगी। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने के निर्देश सही दिशा में कदम हैं। इसी तरह, नशा मुक्ति पर सख्त रुख- विशेषकर धार्मिक शहरों में शराबबंदी और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर जीरो टॉलरेंस-सामाजिक स्वास्थ्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। भविष्य की चुनौतियों को लेकर मुख्यमंत्री की दृष्टि भी उल्लेखनीय है। एकीकृत पुलिस प्रशिक्षण परिसर, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फॉरेंसिक विज्ञान के अधिकतम उपयोग पर जोर यह संकेत देता है कि राज्य आधुनिक अपराधों से निपटने के लिए खुद को तैयार करना चाहता है। साथ ही, जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच सांस्कृतिक सेतु बनाने का विचार विश्वास निर्माण की दिशा में नया आयाम जोड़ता है।

# देरी से शादियां और तलाक के बढ़ते मामले, समाज के लिए चिंताजनक हालात

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



आधुनिकीकरण की आड़ में हिंदुओं ने पश्चिमी संस्कृति को अपना लिया है, जिससे उनकी अपनी संस्कृति कमज़ोर हो गई है। इसके परिणाम विनाशकारी हैं और अगर हिंदू अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर वापस नहीं लौटते हैं तो तीन से चार पीढ़ियों में उनका और इस अद्भुत राष्ट्र का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसका सीधा-सा कारण हम देख रहे हैं कि देर से शादियाँ, तलाक़ की दरों में वृद्धि, एक या कोई बच्चा न होना और देरी से शादी के परिणामस्वरूप माता-पिता-बच्चों के रिश्तों में गिरावट आ रही है। यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए बहुत चिंताजनक है। लड़कियों और लड़कों दोनों की पहले आर्थिक और भौतिक रूप से समृद्ध होने और फिर बाद में शादी करने की आकांक्षाएँ शादी और परिवार को एक अनुबंध का मामला बना रही हैं।



किसी व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़े मोड़ में से एक शादी है। यह न सिर्फ़ दो लोगों को एक साथ लाता है, बल्कि परिवारों और किस्मत को भी जोड़ता है। यह ऐसा रिश्ता है जो अब बँटवारे और तबाही की घटना में बदल रही है। खासकर भारतीय हिंदू समुदाय में, जहाँ समय पर शादी को पारंपरिक रूप से महत्व दिया जाता है और यह वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सही है, जब शादी को मनचाही उम्र से आगे टाला जाता है तो यह अक्सर चिंता का विषय बन जाता है। दुनिया भर में शादी की उम्र बढ़ गई है। आजकल, कई अमीर देशों में काफ़ी संख्या में शादियाँ तीस साल की उम्र के बाद होती हैं। इस चलन के साथ-साथ शादी की दरें भी अक्सर गिर रही हैं, खासकर यूरोप जैसे आर्थिक रूप से विकसित देशों में। भारत में भी ऐसा ही पैटर्न उभरने लगा है। उदाहरण के लिए साल 2011 और 2020 के बीच देश की राजधानी में महिलाओं की शादी की औसत उम्र 21.7 से बढ़कर 24.4 साल हो गई। रिसर्च के अनुसार, अलग-अलग उम्र के लोगों के शादी में देरी करने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। मुख्य कारक धन, शिक्षा और एक्सपोज़र जैसी चीजें हैं। अपने ग्रामीण समकक्षों की तुलना में अमीर परिवारों की कई शहरी किशोर लड़कियाँ जो ज़्यादा मीडिया के संपर्क में आती हैं, उनके शादी से पहले सेक्स की संभावना ज़्यादा होती है। यह देश के ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच शादी की रीति-रिवाजों और यौन व्यवहार में असमानताओं को दिखाता है। आमतौर पर, अमीर घरों के लोग और उच्च शिक्षा वाले लोग शादी में देरी करते हैं। देर से शादी करने के कुछ नुकसान भी हैं। बच्चों को जन्म देने पर इसका असर एक नुकसान है। हाल की स्टडीज़ से पता चलता है कि महिलाओं की फर्टिलिटी 30 साल की उम्र के आखिर में कम होने लगती है। ज़्यादा उम्र की माताओं को प्रेग्नेंसी से जुड़ी कुछ परेशानियां हो सकती हैं, जैसे मिसकैरेज, जन्मजात बीमारियां, जेस्टेशनल डायबिटीज, लेबर में दिक्कतें और कुछ दूसरी बीमारियां। इसके अलावा, इस बात के भी सबूत हैं कि कुछ बीमारियां, जैसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, ज़्यादा उम्र के पिताओं के बच्चों को ज़्यादा प्रभावित कर सकती हैं। पार्टनर की पक्की आदतों और विचारों के साथ तालमेल बिठाने में ज़्यादा मुश्किल एक और संभावित नुकसान है। जो लोग ज़िंदगी में देर से शादी करते हैं, उनकी आदतें और राय ज़्यादा पक्की हो सकती हैं, जिससे शादी में समझौता करना और ढलना मुश्किल हो जाता है। जब देर से शादी के साथ शादी से पहले सेक्स भी किया जाता है, तो सेक्शुअली ट्रांसमिटेड इन्फेक्शन फैल सकते हैं। आखिर में, सामाजिक नज़रिए से, देर से शादी के कारण माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ी का अंतर बढ़ रहा है। ये देर से शादी के कुछ जाने-माने नुकसान हैं। शादी टालने के कई कारणों में से तीन विरोधाभास हैं। पहला विरोधाभास है साथ रहना या शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहना जो हिंदू संस्कृति के खिलाफ है, जिसे कई युवा 'टेस्ट ड्राइव' मानते हैं। कई विशेषज्ञ बताते हैं कि शादी से पहले साथ रहने का इतिहास में तलाक की ज़्यादा संभावना से संबंध रहा है, इसके बावजूद कि यह माना जाता है कि इससे तलाक कम होते हैं। दूसरी समस्या है 'गलत काम करने की इच्छा '। कुछ युवाओं का मानना है कि अभी यौन प्रयोग करने और 'खाओ, पियो और मज़े करो, वैसे भी कल तो मर ही जाना है' का समय है। नतीजतन, ऐसे लोगों में गलत सोच और व्यवहार विकसित होते हैं। इसके अलावा, कई स्टडीज़ से पता चलता है कि जो लोग ज़्यादा यौन संबंध बनाते हैं और जिनके यौन आदर्श ऊंचे होते हैं, उनके शादी के बाद तलाक होने की संभावना ज़्यादा होती है। आखिरी विरोधाभास है 'बड़ी उम्र बेहतर है '। कई युवा लगभग तीस साल की उम्र तक शादी नहीं करते क्योंकि उनका मानना है कि शादी बंधन, देखभाल और शेयरिंग के प्यारे दिव्य अनुभव के बजाय नुकसान का बदलाव है।

हिंदुओं के लिए इस समस्या का समाधान यह है कि उन्हें अंतरजातीय विवाह करने की आज़ादी दी जाए, जिससे उन्हें लड़की या लड़का ढूंढने के ज़्यादा मौके मिलेंगे। इससे अलग-अलग हिंदू जातियों (जिसमें बौद्ध, जैन और सिख भी शामिल हैं) के बीच रिश्ते मज़बूत होंगे और हिंदू एक साथ आएंगे। गर्भ में लड़की बच्चों की हत्या पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। नई पीढ़ी को घर और स्कूल में यह सिखाया जाए कि शादी और परिवार भगवान की देन हैं, न कि कोई अनुबंध वाली ज़िम्मेदारी। हर शादीशुदा जोड़े को तीन बच्चों के लिए तैयार रहना चाहिए ताकि कुछ पीढ़ियों बाद भी परिवार बना रहे। एक या कोई बच्चा न होने का विचार परिवार और समाज की सभी ज़िम्मेदारियों और मान्यताओं के खिलाफ है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# भारत - अमेरिका के बीच रिश्तों के नए स्वर, स्थिरता और रणनीतिक संतुलन

**कांतिलाल मांडोत**
स्तंभकार



भारत और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में हुई उच्च स्तरीय वार्ता ने वैश्विक राजनीति में एक नया संदेश दिया है।संवाद ही वह सेतु है जो किसी भी जटिल द्विपक्षीय रिश्ते को संतुलन और स्थिरता की ओर ले जाता है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य, वैश्विक अर्थव्यवस्था के उतार-चढ़ाव और सामरिक चुनौतियों के बीच दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व की बातचीत न केवल समयोचित थी बल्कि भविष्य की साझेदारी के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण भी प्रकट करती है। लंबे समय से चले आ रहे विवाद, खासकर व्यापार और टैरिफ से जुड़े मुद्दे, धीरे-धीरे नरम पड़ते दिखाई दे रहे हैं। भारत के लिए यह बातचीत एक भरोसेमंद संकेत है कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में से दो देश फिर से सामरिक और आर्थिक तालमेल की ओर लौट रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बताया कि यह वार्ता महत्वपूर्ण और सौहार्दपूर्णर ही। इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि दोनों पक्षों ने विवादित मुद्दों से आगे बढ़कर उन क्षेत्रों पर अधिक जोर दिया जिनमें सहयोग की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं।जैसे रक्षा, ऊर्जा, सैन्य नवाचार, प्रौद्योगिकी, वाणिज्य और सुरक्षा। बीते कुछ वर्षों में व्यापारिक टकराव, विशेषकर टैरिफ की नीति, भारत-अमेरिका संबंधों में एक बड़ी बाधा थी। अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों को लेकर कई बार तनाव की स्थिति बनी। किंतु वास्तविकता यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी विविध, लचीली और मजबूत हो चुकी है कि इन टैरिफ का प्रभाव सीमित रहा। दूसरी ओर, अमेरिका को यह समझ आ गया कि कठोर व्यापारिक नियमों से वह भारत जैसे तेजी से उभरते साझेदार को केवल असहज कर रहा है, लाभ नहीं। इसलिए, जैसे-जैसे वार्ता आगे बढ़ी, टैरिफ का भूत धीरे-धीरे समाप्त होता दिखा।

इस संवाद का सबसे बड़ा संदेश यह है कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत और अमेरिका केवल सहयोग करने की इच्छा नहीं बल्कि व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता रखते हैं। दोनों देशों ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में उभर रही साझा चुनौतियाँ,चाहे वह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा हो, उभरती तकनीकों का भविष्य हो, या ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु संबंधी मुद्दे।इन सब पर संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। यह समझ इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक विमर्श को आकार देने वाला निर्णायक खिलाड़ी है।

वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि दोनों देशों ने अपने रणनीतिक हितों के प्रति स्पष्टता बरतते हुए व्यापारिक रिश्तों को नई ऊर्जा देने की आवश्यकता को स्वीकार किया। भारत में मौजूद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि पहले ही अंतिम प्रस्ताव वॉशिंगटन भेज चुके हैं और अब समझौते का निर्णय राजनीतिक स्तर पर लिया जाना है। यह संकेत देता है कि आने वाले महीनों में दोनों देश एक बड़े व्यापारिक समझौते के करीब पहुँच सकते हैं। मुद्दों को टालने या कठोर रुख अपनाने की बजाय संवाद द्वारा रास्ता खोजने का यह सकारात्मक संकेत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी आश्वस्तकारी है। अमेरिका द्वारा लॉन्च किया गया 9 करोड़ का गोल्ड कार्ड भी दोनों देशों के रिश्तों में एक नया आयाम जोड़ता है। यह स्थायी निवास और निवेश के अवसरों को जोड़ने का प्रयास है, लेकिन इसकी अत्यधिक लागत इसे आम लोगों के लिए कठिन बनाती है। इसके अलावा, यह भी तथ्य है कि अमेरिका कभी भी किसी कार्डधारक का स्टेटस बदल सकता है, जिससे यह नीति अस्थिरता का संकेत भी देती है। भारत के लिए चुनौती यह है कि हजारों एच-1बी वीज़ा आवेदकों के इंटरव्यू अचानक महीनों के लिए टाल दिए गए हैं। इससे अमेरिकी नीतियों की अनिश्चितता उजागर होती है। अमेरिका के भीतर भी इस गोल्ड कार्ड योजना का विरोध जारी है, क्योंकि इसे अमेरिका के हितों के विरुद्ध और कुछ देशों को अनावश्यक रूप से अलग-थलग करने वाला कदम माना जा रहा है। यह भी तथ्य है कि कई विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका अपने कठोर और बदलते नियमों के माध्यम से भारत की तेज़ी से बढ़ती आर्थिक तरक्की पर किसी न किसी रूप में अंकुश लगाने की कोशिश करता है। लेकिन यह आकलन भी उतना ही सही है कि भारत अब ऐसी नीतियों के दबाव में नहीं आने वाला। भारत की वैश्विक स्थिति जितनी मजबूत हुई है, उतनी ही उसकी क्षमता बढ़ी है कि वह समानता और सम्मान के आधार पर साझेदारी को आगे बढ़ाए। यही कारण है कि इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने टैरिफ का मुद्दा उठाने की आवश्यकता तक महसूस नहीं की।क्योंकि भारत का आत्मविश्वास अब किसी रक्षात्मक मुद्रा का मोहताज नहीं रहा। इस पूरे संवाद का व्यापक संदर्भ यह है कि दुनिया अनेक मोर्चों पर तनाव की स्थिति से गुजर रही है।यूरोप और मध्यपूर्व में संघर्ष, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन, और आर्थिक अनिश्चितताएँ। ऐसी परिस्थितियों में भारत-अमेरिका संबंधों की स्थिरता न केवल दोनों देशों बल्कि पूरे विश्व के लिए आवश्यक है। एक तरफ अमेरिका अपनी वैश्विक भूमिका को पुनर्संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी ओर भारत एक उभरती शक्ति के रूप में वैश्विक नेतृत्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका स्थापित कर चुका है। इस संतुलन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संवाद और सहयोग ही सबसे प्रभावी साधन हैं।

भारत की बढ़ती शक्ति, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व क्षमता ने उसे वह स्थान दिलाया है जहाँ कोई भी राष्ट्र उसे दबा नहीं सकता।संवाद ही एकमात्र रास्ता है। यही इस वार्ता का सार है और यही भविष्य के भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा तय करेगा।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## निशाना

### हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको?



ध्रुव शुक्ल

क्या हुआ आपको, क्या हुआ आपको
हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको
कैसे तुम भूल गये भारत के जाप को
हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको?
आपकी चाल-ढाल दुनिया है देख दंग
मंदिर औ मस्जिद का वाह कैसा चढ़ा रंग
सच-सच बताओ भी, क्या हुआ आपको?
कैसी तनातन का चस्का लगा आपको
जनता जनार्दन का मस्का लगा आपको
किसी ने टोका तो ठस्का लगा आपको
अण्ट-शण्ट बक रहे जुनून में
ये कैसा नशा घुला खून में
कैसे तुम भूल गये जीवन की नाप को
हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको?
तुम तो सत्याग्रह के स्कूल भी गये
फिर कैसे तुम गांधी को भूल भी गये
अब क्यों उलट रहे संगत की छाप को
क्या हुआ आपको, क्या हुआ आपको
हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको?
जातों में फॅंसे आप, घातों में फॅंसे आप
जो तुमको तोड़ रहे उनमें ही धॅंसे आप
बस वोटों के दानी आप
कैसे हो ज्ञानी आप, सोच नहीं पा रहे
किसका हैं लाभ आप
किसकी हैं हानि आप !
सुन नहीं पा रहे, गिन नहीं पा रहे
सत्ता के घोड़े की एक-एक टाप को
एक-एक टाप को, एक-एक टाप को
क्या हुआ आपको, क्या हुआ आपको
हिन्दू जी, हिन्दू जी क्या हुआ आपको
कैसे तुम भूल गये हो अपने आपको?
(कवि नागार्जुन की कविता की लय में)

## न्यूट्रीशन टिप्स

# तीन प्रकार की दालें हैं पोषण का खजाना, बढ़ेगा खून और हड्डियां मजबूत

**दाल** खाने में जितनी टेस्टी होती है, उतने ही इनके फायदे भी होते हैं।यह पोषण के मामले में सबसे आगे हैं। इसमें प्रोटीन, आयरन और कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। रोजाना दाल खाने से शरीर की कमजोरी दूर करती हैं, ताकत बढ़ाती हैं और खून की कमी, कमजोर हड्डियों व जोड़ों के दर्द में भी बहुत फायदेमंद हैं। डॉक्टर सलीम जैदी के अनुसार, सभी दालें सेहत के लिए अच्छी होती हैं लेकिन हर दाल का पोषण अलग होता है। कुछ दालें प्रोटीन ज्यादा देती हैं, कुछ कैल्शियम और कुछ फाइबर। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि जरूरत के हिसाब से आपको किस दाल का सेवन करना चाहिए।



डॉक्टर सलीम ने तीन तरह की दालों को मोस्ट पावरफुल बताया है। यह दाल ओवरऑल न्यूट्रिशन के लिहाज से सबसे बेहतर मानी जाती हैं। यह दाल हैं मसूर की दाल, मूंग दाल और उड़द की दाल। चलिए जानते हैं इनमें क्या पोषक तत्व पाए जाते हैं और सेहत के लिए किस तरह लाभदायक होती हैं। डॉक्टर ने बताया कि मसूर की दाल पोषण से भरपूर होती है। इसमें फैट बहुत कम, लेकिन प्रोटीन और जरूरी मिनरल्स भरपूर होते हैं। इसकी खास बात यह है कि इसके पोषक तत्व शरीर में आसानी से अवशोषित हो जाते हैं। मसूर की दाल नया खून बनाने में मदद करती है और हल्की होने के कारण जल्दी पच जाती है। जिन्हें खून की कमी, हमेशा थकान या तेजी से वजन बढ़ने की समस्या होती है, उन्हें इसका सेवन ज्यादा करना चाहिए। 100 ग्राम मसूर की दाल से लगभग 24 ग्राम प्रोटीन मिलता है। इसमें आयरन भरपूर होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही इसमें कैल्शियम और फॉस्फोरस भी होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।

**मूंग दाल-प्रोटीन का खजाना:** हरी छिलके वाली और पीली मूंग दाल बहुत फायदेमंद हैं। मूंग दाल को सबसे हल्की और सात्विक दाल माना जाता है। इसमें प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और फोलिक एसिड अच्छी मात्रा में होता है। अगर मूंग दाल को चावल के साथ खाया जाए, तो यह शरीर को सभी जरूरी अमीनो एसिड देती है। मूंग दाल डायबिटीज, हार्ट पेशेंट्स और वजन घटाने वालों के लिए भी फायदेमंद है। यह गैस, एसिडिटी कम करती है, लिवर को डिटॉक्स करती है और खराब कोलेस्ट्रॉल घटाने में मदद करती है। उड़द की दाल में कैल्शियम सबसे ज्यादा होता है और इसी वजह से यह हड्डियों और जोड़ों को मजबूत बनाती है। इसमें आयरन भी अच्छी मात्रा में होता है, जो कमजोरी दूर करता है।

## न्यू गेजेट्स

# फोल्ड होने वाले फोन के मार्केट में नया ट्रेंड लाएगा आईफोन, iPad Mini जैसा दिखेगा

**ऐपल** के फोल्ड होने वाले आईफोन की डिटेल्स सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि फोल्डेबल आईफोन लंबा नहीं बल्कि चौड़ा होगा। फिलहाल ज्यादातर फोल्डिंग स्मार्टफोन लंबे आते हैं। वहीं फोल्डेबल आईफोन चौड़ा ज्यादा होगा। इसके अलावा यह खुलने पर कुछ-कुछ iPad Mini जैसा लगेगा और पतलेपन में iPhone Air को भी मात दे सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह फोल्डेबल फोन मौजूदा फोल्डेबल स्मार्टफोन्स से बिल्कुल अलग सोच के साथ आ सकता है।



हालांकि इस जानकारी को पूरी तरह पक्का नहीं माना जा सकता, फिर भी जो डिजाइन सामने आया है वह काफी दिलचस्प और लॉजिक से भरपूर है। अगर फोल्डेबल आईफोन को लेकर सामने आई जानकारी सही साबित होती है, तो ऐपल फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की दुनिया में एक नया ट्रेंड सेट कर सकता है।

फोल्ड होने वाले आईफोन के लीक हुए कुछ स्केच के अनुसार, ऐपल का फोल्डेबल आईफोन फोल्ड होने पर लंबाई में छोटा लेकिन चौड़ाई में ज्यादा होगा। इसका साइज 120.6mm लंबा और 83.8mm चौड़ा बताया गया है। हालांकि इसकी मोटाई सिर्फ 9.6mm हो सकती है। गौर करने वाली बात है कि यह डिजाइन मौजूदा बुक-स्टाइल फोल्डेबल फोन से अलग है, जो आमतौर पर काफी लंबे होते हैं। यह फोन OPPO Find N जैसे कॉम्पैक्ट फोल्डेबल की याद दिलाता है, लेकिन इसे Oppo के उस फोन से भी ज्यादा चौड़ा बताया जा रहा है। इस फोल्डेबल आईफोन की बाहर की स्क्रीन 5.5 इंच के आसपास हो सकती है, जिसका रेजोल्यूशन 2088 × 1422 पिक्सल बताया गया है। सामने आई डिटेल्स के मुताबिक यह फोन खुलने के बाद एक iPad Mini जैसा दिख सकता है। लीक के मुताबिक, अनफोल्ड होने पर इसका स्क्रीन साइज करीब 7.76 इंच तक हो सकता है। इनर डिस्प्ले का रेजोल्यूशन 2713 × 1920 पिक्सल का बताया जा रहा है। खास बात यह है कि खुलने पर इसकी मोटाई सिर्फ 4.8mm हो सकती है, जो इसे बेहद पतला और प्रीमियम फील देगा। यह साइज वीडियो देखने, गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए काफी बेहतर माना जा रहा है।

ऐपल अगर अपना फोल्ड होने वाला आईफोन इस डिजाइन के साथ लाता है, तो इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यह टीवी रिमोट की तरह ज्यादा लंबा नहीं लगेगा। वहीं अनफोल्ड होने पर इसका लैंडस्केप ओरिएंटेशन वीडियो देखने और कंटेंट कंजम्पशन के लिए शानदार होगा । इस फोन को वर्टिकली पकड़ने पर यह एक बड़े रेगुलर फोन जैसा फील देगा। पीछे की तरफ से इसका कैमरा डिजाइन Google Pi&el Fold जैसा हो सकता है। माना जा रहा है कि यह iPhone E' अगले साल पेश किया जा सकता है।

## एस्ट्रो टॉक

# रिश्तों में दूरी का कारण बनता है छठे भाव का शनि, उपाय से होगा बैलेंस

**जन्म** कुंडली में शनि की पोजिशन इंसान की ज़िंदगी को काफी हद तक प्रभावित करती है। ज्यादातर लोग शनि को सख्त ग्रह मानते हैं, लेकिन सच यह है कि शनि जितना सख्त है, उतना ही न्यायप्रिय भी है। शनि आपके कर्मों के हिसाब से ही फल देता है-अगर मेहनत और ईमानदारी आपकी पहचान है, तो शनि हर मुश्किल वक्त में आपको हिम्मत भी देता है और सही दिशा भी दिखाता है। लेकिन अगर इंसान गलत तरीके अपनाता है या बिना मेहनत शॉर्टकट खोजता है, तो शनि उसे रोक भी देता है, ताकि वो अपनी गलती समझ सके और सही रास्ता पकड़ सके। छठा भाव कुंडली का वो स्थान है जो काम, स्वास्थ्य, कर्ज, कोर्ट-कचहरी, दुश्मन, नौकरी और रोजमर्रा की चुनौतियों से जुड़ा होता है। जब शनि इस घर में बैठता है तो इंसान को कुछ चीज़ों में मजबूत बनाता है, लेकिन कुछ जगह पर टेस्ट भी लेता है। ये पोजिशन इंसान को लड़ने-जीतने की ताकत देती है, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। साथ ही यह इंसान को अनुशासन, धैर्य और हिम्मत सिखाती है। कई बार छठे भाव का शनि इंसान को मेहनत के रास्ते चलाकर बड़ी सफलता दिलाता है। लेकिन शुरू के साल थोड़े उठापटक भरे भी हो सकते हैं, क्योंकि शनि धीरे-धीरे, लेकिन पक्का फल देने वाला ग्रह है, अगर आपका शनि छठे भाव में है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफ़ में मजबूती भी आएगी और कई सीखें भी। ज्योतिषी, वास्तु विशेषज्ञ एवं न्यूमेरोलॉजिस्ट इसके अच्छे-बुरे प्रभाव के बारे में बता रहे हैं।



**सकारात्मक प्रभाव:** दुश्मनों पर जीत और मजबूत पोजिशन, मेहनत का पक्का फल। शनि यहां बैठकर बताता है कि आपकी लाइफ़ मेहनत के दम पर बनेगी। आप धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगे, लेकिन आपकी पहचान मजबूत होगी। कई बार लोग ऐसे जातक को 'सेल्फ-मेड' कहते हैं। नौकरी और सर्विस सेक्टर में फायदाहोता है। प्रमोशन, स्थिरता और लंबे समय तक टिके रहने का चांस बढ़ जाता है। शुरू में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं आ सकती हैं, लेकिन शनि धीरे-धीरे इंसान को अनुशासन में डाल देता है, जिससे हेल्थ रूटीन बेहतर होता है और लाइफ़स्टाइल बैलेंस्ड रहती है।

**नकारात्मक प्रभाव:** शनि छठे भाव में हो तो शुरुआत में स्ट्रगल ज़रूर करवाता है. काम में देरी, मेहनत ज़्यादा, रिजल्ट कम-ये सब चीज़ें शुरुआती जीवन में देखने को मिल सकती हैं। त्वचा, पेट, हड्डियों से जुड़ी दिक्कतें कभी-कभी परेशान कर सकती हैं. हालांकि सही रूटीन अपनाने पर ये कंट्रोल में रहती हैं। कभी-कभी शनि ऐसी स्थिति बना देता है कि इंसान कर्ज में उलझ सकता है या कोर्ट-कचहरी का मामला बन सकता है। ये चीज़ें आपको मानसिक तौर पर परेशान कर सकती हैं। शनि अनुशासन पसंद करता है। कई बार इसकी वजह से इंसान थोड़ा सीरियस या कठोर दिखने लगता है, जिससे घर-परिवार में दूरी हो सकती है।

## न्यूज विंडो

### श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति का जत्था अयोध्या-काशी रवाना




**इटारसी।** नगर की धार्मिक संस्था श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति, मालवीयगंज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा के चौथे वर्ष में शुक्रवार, 19 दिसंबर को समिति के अध्यक्ष मुकेश मिहानी के नेतृत्व में 101 तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या, बनारस और काशी धाम के लिए रवाना हुआ। शुक्रवार शाम 4: 30 बजे सभी श्रद्धालु स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर एकत्र हुए, जहां जय श्री राम के जयकारों के साथ आजमगढ़ एक्सप्रेस से तीर्थयात्रा की शुरुआत हुई। इस जत्थे में 101 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं। समिति के महेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष दो बार धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलने वाली तीन दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया है। जत्था अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के उपरांत बनारस और काशी विश्वनाथ धाम जाएगा। स्टेशन पर श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य और तीर्थयात्रियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यात्रियों के लिए समिति की ओर से आवास और भोजन की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

### ट्राईडेंट ग्रुप ने बुधनी के सरकारी स्कूल में लगाया मासिक धर्म जागरूकता शिविर



**नर्मदापुरम/बुधनी।** ट्राईडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता और सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्व के तहत श्रीजना मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का सफल आयोजन संदिपानी शासकीय विद्यालय, बुधनी में किया गया।इस जागरूकता सत्र में कक्षा 6वीं से 8वीं तक की 66 छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र का संचालन मधुबन हॉस्पिटल की सीनियर नर्स मनीषा शर्मा, ट्राईडेंट ग्रुप की सीएसआर टीम प्रमुख अरविंद और हर्षिता यादव ने किया।छात्राओं ने सत्र में उत्साह से भाग लिया और इसे ज्ञानवर्धक बताया। यह पहल ट्राईडेंट ग्रुप की ओर से किशोरियों के स्वास्थ्य व स्वच्छता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# मेहराघाट के पास रेत माफियाओं के अवैध कच्चे ब्रिज को किया ध्वस्त

**वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी के खिलाफ खनिज निगम को कार्रवाई प्रस्ताव भेजने की तैयारी**

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम नें ग्राम मेहराघाट के पास तवा नदी में रेत ठेकेदार द्वारा बनाए गए अवैध अस्थाई कच्चे रास्ते/ब्रिज को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई एमडीओ मेसर्स वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी के खिलाफ की गई, जिसके विरुद्ध अब फिर से मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम भोपाल को कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

टीम को सूचना मिली कि स्वीकृत रेत खदान से रेत के परिवहन के लिए ठेकेदार ने तवा नदी में अवैध तरीके से कच्चा रास्ता बना लिया है। ग्राम मेहराघाट के खसरा नंबर 365 में स्थित मेहरा घाट-9 (रकबा 11.655 हेक्टेयर) और मेहरा घाट-10 की रेत खदानों का संचालन इसी ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। पहले रेत के वाहन ग्राम पांजरा कला से होकर गुजरते थे, लेकिन लगभग दो माह पूर्व वहां एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद ठेकेदार ने वैकल्पिक मार्ग तलाशा।उसने मेहरा घाट के शासकीय कच्चे रास्ते से नदी में उतरकर अस्थाई ब्रिज बना लिया, जो पूरी तरह शासन नियमों का उल्लंघन था। कलेक्टर सोनिया मीना के सख्त निर्देशों पर राजस्व और खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नदी में बने इस अवैध निर्माण को तुरंत नष्ट कर दिया। कलेक्टर सोनिया मीना ने समय-समय पर ठेकेदार के शासन निर्देशों के उल्लंघन पर पहले भी सख्त कदम उठाए हैं। 19 अप्रैल 2025 को इसी एमडीओ मेसर्स वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी के खिलाफ कार्रवाई हेतु खनिज निगम को प्रस्ताव भेजा गया था। शुक्रवार की कार्रवाई के बाद अब दोबारा ऐसा ही प्रस्ताव भेजा जा रहा है। शुक्रवार को सयुंक्त टीम के द्वारा कि गई इस कार्रवाई में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जय सोलंकी, जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम, नायब तहसीलदार रुचि गोयल, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम सौरभ पांडे और पुलिस बल उपस्थित रहा।

#### जिले में अब तक 170 प्रकरण दर्ज

खनिज विभाग द्वारा जिले में रेत संबंधी अवैध गतिविधियों पर वितीय वर्ष 2025-26 में आज तक 170 प्रकरण दर्ज कर 1.51 करोड़ रुपये का दंड वसूल किया गया है। इस दौरान 6 पोकलेन मशीनें और 45 डंपर जब्त किए गए। सबसे सख्त कार्रवाई अवैध उत्खनन करने वाले 12 व्यक्तियों के खिलाफ हुई, जिनके विरुद्ध पुलिस थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### देवी मालवी आईटी सेल सोशल मीडिया के प्रदेश महासचिव बने

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,आईटी सेल सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश आईटी सेल सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महासचिव एवं नरसिंहपुर जिले के प्रभारी पद पर इटारसी शहर के सक्रिय युवा कांग्रेस नेता देवी मालवी को नियुक्त किया गया है नव नियुक्त आईटी सेल के महासचिव देवी मालवीय के उज्जवल भविष्य की कामना वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने की यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा दी गई। श्री मालवीय की नियुक्ति पर उनके परिचितो ने बधाई प्रेषित की है।

### रिश्वत लेने वाले कृषि विभाग के उपसंचालक को किया निलंबित

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिले के कृषि विभाग के उपसंचालक जे.आर. हेडाऊ को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त संगठन ने 8 दिसंबर को रंगे हाथों पकड़ लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन ने देर रात उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।कृषि मंत्रालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अवनीश मिश्रा ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन अवधि में हेडाऊ का मुख्यालय शहडोल संभाग के संयुक्त संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।बता दे कि शिकायतकर्ता राजनारायण गुप्ता नें लोकायुक्त को काम करने के बदले मे रिश्वत मांगने कि शिकायत की थी वे कृषि विभाग से सेवानिवृत्त हैं। उनके भाई की खाद-बीज दुकान का लाइसेंस तीन माह पूर्व निलंबित हो गया था। लाइसेंस बहाली के बदले उपसंचालक हेडाऊ ने प्रथम एक लाख रुपये की मांग की, जो बातचीत के बाद 50 हजार रुपये पर तय हुई। पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपये देने पर सहमति बनी, जिसकी शिकायत लोकायुक्त में दर्ज कराई गई।

## बासौदा नाका चौराहे से ठेला और गुमठियों को हटाया, कब्जा न करने की दी हिदायत

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका प्रबंधन द्वारा बासौदा नाका चौराहे पर पहुंचकर अतिक्रमण विरोधी मुहीम चलाई। नपा द्वारा लगातार एलाउमेंट कर अतिक्रमणकारियों को अपना अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी जा रही है। इसके बाद भी कब्जेदार अपना कब्जा नहीं छोड़ रहे। शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन अवैध कब्जे को लेकर एक बार फिर सख्त होता दिखाई दिया। शाम को नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू के नेतृत्व में नपा टीम बासौदा नाका चौराहे पर पहुंची।

इस चौराहे के चारों तरफ की सड़कों पर दुकानदारों और ठेला चालकों का अवैध कब्जा बना हुआ है। कुछ महीनों पूर्व नपा ने ये अवैध कब्जा हटाया था लेकिन इसके बाद ये लोग दोबारा अपनी जगह पर काबिज हो गए। चौराहे पर पहुंचकर नपा प्रबंधन पहले तो एलाउसमेंट किया और इसके बाद जेसीबी मशीन से अवैध कब्जे को हटाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते अनेक दुकानदारों ने अपना कब्जा खुद ही हटा दिया तथा जो लोग कब्जा नहीं हटा रहे थे उन्हें सीएमओ ने सख्त हिदायत दी तो वे भी सरकारी जगह से हटने के लिए तैयार हो गए।



बासौदा नाका चौराहे पर अवैध कब्जे को हटाने की प्रक्रिया प्रशासन द्वारा करीब एक साल पहले भी की गई थी। उस समय प्रशासन ने चौराहे पर स्थित कब्रिस्तान का सीमांकन भी करवाया था और दूसरी तरफ स्थित कचिया मसान की भूमि को भी अवैध कब्जे से मुक्त करवाया था। इसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि प्रशासन जल्द ही इस चौराहे का सौंदर्यीकरण करवाएगा। बावजूद इसके प्रशासन ने इस चौराहे की कोई चिंता नहीं की। सौंदर्यीकरण तो दूर की बात है। जिम्मेदार चौराहे के बीच में लगा बिजली का खंबा तक नहीं हटवा सके। जिम्मेदारों की इसी लापरवाही को देखते हुए कब्जेदार दोबारा सक्रिय हुए और दुकाने जमा लीं।

#### प्रभावी और सम्पन्न कब्जेदार अभी भी कार्रवाई से मुक्त

प्रशासन द्वारा शुक्रवार को की गई कार्रवाई के दायरे में भी अधिकांशतः ठेला चालक या सड़क पर दुकान लगाने वाले दुकानदार ही आए। इनमें अधिकांश वे लोग थे जो रोक कमाते और खर्च करते हैं। जबकि इन कब्जेधारियों के कुछ दूरी पर ही प्रभावी और सम्पन्न कब्जेदार भी मौजूद थे लेकिन अतिक्रमणविरोधी अमले को वे नहीं दिखाई दिए। इसके पहले भी नपा ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण विरोधी मुहीम चलाने की बात कही थी लेकिन वहां पर नपा का अमला नहीं पहुंच पा रहा। ऐसी ही स्थित लिंक रोड, बामौरा रोड और आरोन रोड की भी बनी हुई है। नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि लगातार चेतावनी के बाद भी बासौदा नाका चौराहे पर अतिक्रमणकारी नहीं हट रहे थे। उन्हें शुक्रवार को चेतावनी के बाद हटाया गया है। कब्जा किसी का भी हो वह गलत है। हम सभी का अवैध कब्जा हटाएंगे।

## थाने में शिकायत : घर के सामने फेंकते हैं गदंगी मना करने पर मिलती है जान से मारने की धमकी

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

वार्डक्रमांक 2 पुरानी इटारसी वर्मा कॉलोनी की 25 से अधिक महिलाओं ने मोहल्ले में रहने वाली एक महिला के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिलाओं ने दोपहर के समय सामूहिक रूप से थाने पहुंचकर मोहल्ले में रहने वाले एक परिवार पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने दीपा सूरी और सरला सूरी के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

महिलाओ ने थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला और एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा को उक्त महिला के खिलाफ आवेदन सौपा है, आवेदन में महिलाओं ने बताया कि वह महिला कॉलोनी में आए दिन गाली-गलौज, अभद्र भाषा का प्रयोग और जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। शिकायतकर्ता ममता तिवारी ने आरोप लगाया कि घर के सामने गंदगी फेंकने से मना करने पर उन्हें सुबह 8 से 10 बजे के बीच गंदी गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई।



आवेदन में यह भी बताया गया है कि 18 दिसंबर को दोपहर के समय उनके घर के सामने पाइप से पानी फेंका गया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस दौरान वहां मौजूद अन्य महिलाओं के साथ भी गाली-गलौज की गई और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। महिलाओं का कहना है कि आरोपित खुलेआम पूरी कॉलोनी में गालियां देते हैं, जिससे माहौल खराब हो रहा है और महिलाओं में डर का माहौल बना हुआ है। शिकायत पर हस्ताक्षर करने वालों में ललिता, मोहिनी, सविता दीवाल, अनामिका, ममता, मंजुलता, सुधा, कृष्णाबाई, रेनू वर्मा और मालती सहित कई महिलाएं शामिल हैं।महिलाओं ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने आवेदन स्वीकार कर जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

## कार्य की गति धीमी होने पर जताई नाराजगी

**नर्मदापुरम । दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगर में बन रहे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक भवन का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्य की गति धीमी होने पर निर्माण एजेंसी पर नपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की तथा समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

कार्यप्रभारी एवं उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में नगर भर में विकास कार्य अनवरत जारी हैं। एसएनजी स्कूल के पास बन रहे आडोटोरियम (सांस्कृतिक भवन) का निरीक्षण किया गया। निर्माण एजेंसी द्वारा धीमी गति से किए जा रहे कार्य पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इस संबंध में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि नगर अनवरत ऐतिहासिक कार्य चल रहे हैं, मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण हो चुका है। एनएमवी कालेज के सामने का चौराहा, भोपाल तिराहा का सौंदर्यीकरण कार्य जारी हैं। निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन का निरीक्षण कर तेजगति से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भवन यहां के कलाकारों और कलाप्रेमियों के लिए जल्द ही सौगात रूप में मिलेगी।



## पीरजादपुरा के रहवासियों का धरना सीएमओ के आश्वासन पर खत्म



**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

पीरजादपुरा में नलो से निकल रहे गंदे पानी और पाइप लाइन फूटने की समस्या को लेकर रहवासी शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलने पर नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू और इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव रहवासियों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने धरना स्थल पर ही बैठकर उनकी समस्या सुनी और शहर में चल रहे पाइप लाइन विस्तार के कार्य की जानकारी देते हुए मोहल्ले में जल्द ही नवीन पाइप लाइन डालने संबंधी जानकारी दी। उनके आश्वासन के बाद रहवासियों ने धरना खत्म कर दिया।

**मेट्रो एंकर**

खिलाड़ियों ने किया हॉकी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, दर्शकों में रहा भारी उत्साह

## रोमांचक मैच में प्रयागराज, जालंधर और बिलासपुर ने दर्ज की जीत

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के छठे दिन मैदान पर खेल का उच्च स्तर देखने को मिला। स्थानीय खेल मैदान पर खेले गए तीन प्रमुख मुकाबलों में टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे और स्वागत समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे की देखरेख में आयोजित इन मैचों में अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

शुक्रवार को पहला मैच एनसीआर प्रयागराज विरुद्ध पनपोष राउरकेला ओडिशा के मध्य हुआ। प्रयागराज 3-1 से विजयी रही। दिन का पहला मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। निर्णायक की भूमिका बृजेश यादव और पवन कुमार ने निभाई।



दूसरे मैच में जालंधर की टीम का दबदबा रहा। मैच के निर्णायक सौरभ गुप्ता एवं सुनील गुप्ता रहे। तीसरा मुकाबला एसईसीआर बिलासपुर विरुद्ध एससीआर सिकंदराबाद दिन का अंतिम मुकाबला सबसे रोमांचक रहा। 14वें मिनट में बिलासपुर के एजाज ने मैदानी गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, जो मध्यांतर तक बनी रही। मैच के तीसरे हिस्से में सिकंदराबाद के मनीष कुमार ने गोल दागकर स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। जब मैच बराबरी पर समाप्त होता दिख रहा था, तभी अंतिम क्षणों में बिलासपुर के प्रशांत ने निर्णायक गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 से रोमांचक जीत दिला दी। निर्णायक फैजान खान और बृजेश यादव रहे।

#### अतिथियों ने खिलाड़ियों का किया उत्साह वर्धन

मैचों के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने हेतु नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, अनिल मिहानी, संजय मिहानी, सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया, रोहित बावेजा, पार्षद राकेश जाधव, हरप्रीत छाबड़ा और संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## न्यूज विंडो

### बदहाल सड़कों को लेकर कटनी के ग्रामीणों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** कटनी जिले के मुडवारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं ने जिला पंचायत सीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा वार्ड 13-14 में करूहा सड़क का कार्य वर्षों से अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके कारण सड़क पर कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले के 7,860 मतदाताओं को भेजेंगे नोटिस, फार्म जमा करने में लापरवाही



**छिंदवाड़ा।** जिले में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत फार्म जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार समाप्त हो गई। प्रशासन ने उसी दिन एसआईआर का फाइनल डेटा भी जारी कर दिया। इसके मुताबिक जिले में 59 हजार 368 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, जबकि 17 हजार 200 मतदाता मृत पाए गए हैं। एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिले में 12 लाख 26 हजार 602 मतदाता चिन्हित थे। लंबी प्रक्रिया और सत्यापन के बाद अब 11 लाख 67 हजार 234 मतदाता वैध पाए गए हैं। प्रशासन अब अंतिम प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति की प्रक्रिया शुरू करेगा। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से 18 दिसंबर तक चली। इस दौरान निर्धारित समयसीमा में काम पूरा न होने पर निर्वाचन आयोग को दो बार तारीख बढ़ानी पड़ी। आगे की प्रक्रिया में जिले के 7 हजार 860 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। ये वे मतदाता हैं, जिन्हें बीएलओ द्वारा गणना पत्र वितरित किए गए थे, लेकिन उन्होंने तय समयसीमा में पत्र जमा नहीं किए।

### बालाघाट के खैरलांजी में मेडिकल स्टोर्स पर ड्रग विभाग की कार्रवाई



**बालाघाट।** जिले के खैरलांजी क्षेत्र के भौरगढ़ में लिल्हारे मेडिकल स्टोर्स का संचालन बिना फार्मासिस्ट के किया जा रहा था। इस गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर ड्रग विभाग ने कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया है। 19 दिसंबर को ड्रग इंस्पेक्टर और खैरलांजी तहसीलदार दुलारे लाल परते ने ग्राम भौरगढ़ स्थित लिल्हारे मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह गंभीर गड़बड़ी सामने आई कि मेडिकल स्टोर्स का संचालन बिना रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के हो रहा था। यह औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। नियमों का पालन न किए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित मेडिकल स्टोर्स को सीलबंद कर दिया।

### वॉलीबॉल में नर्मदापुरम की टीम ने रीवा को हराकर जीता खिताब




**इटारसी।** मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 34 बी अंतर क्षेत्रीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता रीवा के खेल परिसर में 14 दिसम्बर से आयोजित हुई, प्रतियोगिता में क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी महेंद्र उगले क्षेत्रीय सचिव हेमंत अजनेरिया के नेतृत्व में खिलाड़ियों के दल ने प्रतियोगिता में भाग लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान ने बताया वॉलीबॉल में नर्मदा पुरम ने रीवा को हराकर विजेता का खिताब जीता फाइनल मैच के मैन ऑफ द फाइनल बशारत खान को पुरस्कृत किया गया। वही बेस्ट शूटर एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दीपक चौरे को प्रदान किया, टीम में बसु बारिबे,सुमित,आर आर ककोड़िया यादव रहे। दिव्यांग वर्ग के कैरम नर्मदा पुरम के राजेश सिंह बेस विजेता,बीके पाठक उप विजेता रहे। जबकि शतरंज में बीके पाठक उप विजेता बने दूसरी ओर शूटिंग बॉल में इंदौर से कड़े मुकाबले में नर्मदा पुरम उप विजेता का पुरस्कार प्राप्त किया। बेस्ट शूटर कैलाश सिंह राजपूत रहे,जबकि टीम में प्रभु दयाल कुर्मी,मनोज बाघमार, नर्मदा प्रसाद उईके, संतोष सिंह राजपूत,सुरेश गौर दुबे जी रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान को भी स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया, वहीं आगामी 35 भी अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता नर्मदा पुरम जोन में आयोजित करने हेतु क्लब का प्रांतीय ध्वज नर्मदा पुरम क्षेत्रीय अध्यक्ष को प्रदान किया गया।

### टाइगर रिजर्व में चारों ओर हो रही कड़ी निगरानी, वन विभाग ट्रैप कैमरों से कर रहा मॉनिटरिंग

# जानवरों का शिकार रोकने अमला अलर्ट, जंगल से सटे गांवों में भी पहुंच रही स्क्वायड टीम, सर्दियों में बढ़ जाता है खतरा

**विशाल रजक । तेन्दूखेड़ा**

बढ़ती ठंड को देखते वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल की निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड़ में आ गया है जंगल से बाहर जाने वाले और अंदर आने वाले रास्तों पर नजर रखी जा रही है। दरअसल ठंड वह मौसम है जब वन्यजीवों के शिकार की आशंका सबसे अधिक होती है। इसी खतरे को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रबंधन अलर्ट मोड़ पर है और टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चारों ओर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सभी वन परिक्षेत्राधिकारी को रिजर्व क्षेत्र के जंगल की चौकसी बढ़ाने शाकाहारी वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तैनाती बढ़ाई गई है। संवदेनशील इलाकों में गश्ती दलों की संख्या दोगुनी कर दी गई है। पन्ना टाइगर और रातापानी अभयारण्य व दमोह जिले की सीमा क्षेत्र में इन दिनों वन अमले द्वारा विशेष निगरानी में हैं क्योंकि वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कॉरिडोर है।



हर साल प्रदेश भर में ठंड के दौरान शाकाहारी वन्य प्राणियों के शिकार की कई घटनाएं सामने आती हैं। इससे टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा रिजर्व क्षेत्र में विशेष निगरानी व ध्यान दिया जा रहा है। दरअसल वन सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोग ठंड में पार्टी करने शाकाहारी वन्य प्राणियों का शिकार करते हैं और उसका मांस पकाकर खाते हैं। ठंड होने की वजह से ग्रामीण यह मानते हैं कि वनकर्मी गश्त करने जंगल में नहीं आएंगे ना ही रहते हैं। यही वजह है कि ग्रामीण वन्य प्राणियों के शिकार के लिए ठंड के दिनों का इंतजार करते हैं। ठंड के दौरान तेंदूपत्ता की तोड़ाई नहीं होती साथ ही कोई फल भी नहीं आता जिसकी वजह से ठंड के दौरान वन क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहता है।

रिजर्व क्षेत्र की निगरानी की जा रही है जंगल में लगे ट्रैप कैमरों की हर दिन मॉनिटरिंग की जा रही है। तकनीकी टीम इन कैमरों का डेटा डाउनलोड कर विश्लेषण कर रही है। साथ ही रिजर्व क्षेत्र की सीमाओं एवं जंगल में बसे गांवों में डॉग स्क्वायड टीम भी लगी हुई है जहां डॉग गैलीलियो शिकारियों पर नजर बनाए हुए हैं। वन अमले नग बताया कि ठंड के दिनों में हर वर्ष रिजर्व निगरानी बढ़ा दी जाती है। जंगल के अंदर जाने वाले ग्रामीणों से पूछ-परख की जा रही है ग्रामीण जंगल के अंदर किसी प्रकार का औजार या हथियार लेकर तो नहीं जा रहे हैं इस पर भी निगरानी रखी जा रही है साथ ही अभियान चलाकर वन अधिकारी ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है विभाग का कहना है कि जंगल के पास यदि कोई भी अनजान व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत सूचना दें। वहीं दूसरी ओर तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों वन परिक्षेत्रों में भी वन विभाग द्वारा ठंडी रातों में कड़ी निगरानी व मॉनिटरिंग की जा रही है क्योंकि इन चारों रेंजों में भी रात के अंधेरे में अवैध कटाई की जाती है और शाकाहारी जानवरों के शिकार की घटनाएं की आंशका रहती है जिसके कारण चारों रेंज का वन अमला विशेष ध्यान दें रहा साथ ही अभी बाघ गणना भी प्रदेश भर में चल रही है जहां टीम सुबह से बाघ गणना में भी लगी हुई है।

टाइगर रिजर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया ठंड के दिनों में शिकार जैसी घटनाएं सामने आती हैं जिसके चलते रिजर्व में हमारी टीम हर मूवमेंट पर नजर रख रही है टाइगर रिजर्व होने के कारण यह इलाका बेहद संवेदनशील है शिकार की किसी भी कोशिश को शुरुआत में ही रोकना हमारा लक्ष्य है हमारी टीमें लगातार क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही है और रिजर्व क्षेत्र के सभी जलस्त्रोतों के आसपास निगरानी बढ़ाई गई है।

#### बाघों के लिए अनुकूल है टाइगर रिजर्व

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के वनों की स्थिति बाघों के लिए बेहद मुफीद है दशकों से यहां बाघों का डेरा रहा है पेजयल से लेकर शिकार की सुगमता और रहने के लिए गुफाएं और पहाड़ों के बीच चट्टान जैसे प्राकृतिक आवास तक एक साथ होने के कारण अन्य टाइगर रिजर्व के भी बाघ यहां पहुंच जाते हैं बाघ प्रजाति की मादाएं अनुकूल वातावरण और शिकार पेयजल सुगम होने पर ही गर्भधारण करती है बाघिन गर्भवती होती है तो वह ज्यादा दूर नहीं जाकर अपनी टेरेटरी के पास ही ठिकाना बनाती है जिससे तीन से चार महीने में नए शावक जन्म ले सकते हैं।

### टेक्नीशियन ने शहडोल कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

# साहब... 24 घंटे काम और सैलरी सिर्फ 14 हजार रुपए, सुविधाएं भी नहीं, ऐसे जुल्म मत कीजिए

**शहडोल। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में सहित पूरे भारत मे मानो जैसे बेरोजगार युवाओं की होड़ सी आ गई हो। आपको बता दे कि रिलायंस इंडस्ट्रीज किसी पहचान की मोहताज नहीं। जिसे किसी व्यक्ति विषेस को पहचान की आवश्यकता हो। आपको बता दे कि भारत जैसे देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपना कारोबार और व्यापार बड़ी ही मजबूती के साथ युवाओं के साथ और विकास के जनहित में साथ निभा रहा हैं। लेकिन वही रिलायंस के कुछ ठेका कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने टेक्नीशियन का बुरा हाल कर दिया । क्योंकि जो कंपनी 24 घंटे केवल काम लेती हो और काम के बदले में केवल 14 हजार रुपये देता हैं और न ही किसी भी प्रकार की कोई अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं तो ऐसे में बेरोजगार युवाओं ठेका कंपनी के द्वारा प्रताड़ना का आरोप लगना तो सही ही हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल कलेक्टर के कार्यालय पहुंचकर रिलायंस जियो के संभाग के पूरे टेक्नीशियनो ने एक लिखित शिकायत में अपनी मांगों को लेकर पत्र सौंपे हैं और 15 दिवस के अंदर अगर इनकी मांगे कंपनी के द्वारा पूरी नहीं करते तो शहडोल कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताड़ पर बैठ जाएंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी रिलायंस जियो की होंगी। शिकायत पत्र में कहा कि 24 घंटे काम न करवाकर केवल 12 घंटे काम लें, वेतन 14 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये करें, टीए डीए की सुविधा उपलब्ध करवाएं, टेक्नीशियनो के परिवार जनों को चिकित्सा सुविधा मिले, सभी टेक्नीशियनों को आवासीय सुविधा उपलब्ध हो, सैलरी काटकर अनावश्यक टेक्नीशियनों को परेशान न किया जाए।

### बुजुर्ग को कार से कुचलने की कोशिश, गंभीर रूप से घायल

**गुना। दोपहर मेट्रो**

जिले के बमोरी क्षेत्र में बीते दिन बवाल हो गय। सोनखरा गांव में खलियान की जमीन को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि पंचायत भवन निर्माण को लेकर हुए विवाद में गांव के एक पक्ष ने उत्पात मचाया, जिसमे 70 वर्षीय बुजुर्ग शंकरलाल धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें गाड़ी से कुचलने की कोशिश भी की गई। आरोप सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा के युवा मोर्चा सदस्य प्रभारी सूरज धाकड़ और उनके आदमियों पर लगाया है। इधर पुलिस ने भी पीड़ित पक्ष की तरफ से एफआईआर दर्ज न करते उलटे उन पीड़ित पक्ष पर ही शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही जानकारी के अनुसार, सरपंच द्वारा खलियान की भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उसी खलियान में उनका चारा रखा हुआ था और उन्होंने उसे हटाने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मौके पर जेसीबी बुलाकर नारायणलाल धाकड़ के साथ मारपीट की गई और खलियान में रखे चारे में आग लगा दी गई। पीड़ितों का आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर थाने पहुंचे, उसी दौरान सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े सूरज धाकड़ के बेटे द्वारा लोगों को गाड़ियों में भरकर गांव लाया गया।

### ग्राम पांजी में दो साल पहले श्मशान घाट का हवा से उड़ा टीन शेड अभी तक नहीं हुआ सुधार कार्य

# ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे करना पड़ता है अंतिम संस्कार

**तेन्दूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

सरकार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही हैं एवं उन योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपए स्वीकृत कर रही है। जिससे ग्राम पंचायतों का विकास हो सके लेकिन उन्हीं पंचायतों के कर्ता धर्ताओं द्वारा शासकीय राशि में गफलत करने की मंशा से विकास के नाम पर घटिया निर्माण करा दिया जाता हैं। जिसका खामियाजा ग्राम पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की कई पंचायते ऐसी है, जिनके अंतर्गत आने वाले गांवों में आज तक श्मशानघाट न होने के कारण बारिश में और गर्मियों में अंतिम संस्कार करने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी जनप्रतिनिधि और मुख्यालय में बैठे अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पांजी में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। यहां पर लगभग 7 वर्ष पहले लाखों रुपए खर्च करके शांतिधाम बनाया गया था लेकिन घटिया निर्माण होने के चलते उसमें लगा टीनशेड और गार्डर खंबे हवा में टूटकर जमीदोंज हो गए और क्षतिग्रस्त हालत में आज भी पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत पांजी में लाखों रुपए खर्च कर वर्ष 2017-18 में शांति धाम में टीन शेड का निर्माण कार्य कराया था लेकिन कुछ महीने में ही टीनशेड हवा में उड़ गया था और दो वर्ष टीनशेड का कोई अता-पता नहीं था।



मामला उझला तो टीन शेड को पुनः लगवाया गया था, लेकिन दो साल पहले फिर से घटिया निर्माण के चलते टीन शेड टूटकर बिखर गया है और आज भी चबूतरे पर क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है जहां लोगों को अंतिम संस्कार में परेशान होना पड़ा रहा है। पंचायत के सरपंच, सचिव एवं जनपद सीईओ से बात करना चाही तो उनके कॉल रिसीव नहीं हुए। लोगों का कहना है कि वो कॉल नहीं उठाते।

#### श्मशानघाट में गंदगी

ग्राम पंचायत पांजी में एक ही स्थान पर तीन जगहों पर श्मशानघाट परिसर में चबूतरे बने हुए हैं, जो क्षतिग्रस्त हालत में हैं और उनके उपर आज तक टीन शेड का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। वहीं परिसर के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। जहां लोग मृत मवेशियों को फेंकते रहते हैं, जिससे दुर्गंध आने के कारण अंतिम संस्कार करने में लोगों को दिक्कत होती है साथ ही गांव के लोग श्मशान भूमि पर शौच करने भी जाते हैं।

#### जिम्मेदार अधिकारी नहीं करते निरीक्षण

ग्रामीणों ने बताया कि जनपद के द्वारा अधिकारियों द्वारा कभी विकास कार्यों का निरीक्षण नहीं किया जाता है। इससे ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव सहायक सचिव द्वारा मनमानी करते हुए घटिया निर्माण कार्य कराए जाते हैं जो चंद महीनों व सालभर में अपनी हकीकत बयां करते हैं कि किस तरह यहां पर विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से लाखों रुपए की ठगी, कार्रवाई की मांग

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

सहकारिता विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपए की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में ठग द्वारा खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल का नाम इस्तेमाल कर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया गया है।शुक्रवार को खरगोन जिले की बड़वाह, महेश्वर और कसरावद तहसील के कई बेरोजगार युवकों ने मंडलेश्वर थाना प्रभारी दीपक यादव के नाम लिखित आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में युवाओं ने बताया कि महेश्वर ब्लॉक के ग्राम छोटी खरगोन निवासी अजय पिता हरिराम मंसौरे ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए सहकारिता विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।आरोपी ने सांसद के नाम का हवाला देकर भरोसा दिलाया कि उसकी ऊंची पहुंच है और आसानी से सरकारी नौकरी लगवा सकता है।इसी भरोसे में आकर बेरोजगार युवाओं ने अपनी मेहनत की कमाई आरोपी को सौंप दी।पीड़ित युवाओं के अनुसार किसी से एक लाख रुपए,किसी से 50 हजार तो किसी से 25 हजार रुपए तक की वसूली की गई।यह राशि फोनपे और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से ट्रांजैक्शन के जरिए दी गई,वहीं कुछ रकम नगद भी आरोपी को सौंपी गई।


## कार्यालय नगर परिषद अमरकंटक, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

1636,1638/ई-टेंडरिंग / अमरकंटक / 2025 — अमरकंटक, दिनांक: 16.12.2025

**(प्रथम आमंत्रण)**

**अनुभाग-1**

निम्नलिखित वाहन के लिये ऑनलाइन प्रतिशत दर की निविदा पंजीकृत ठेकेदारो और पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करने वाली फर्मों से आमंत्रित की जाती है-

| क्र. / टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रुपये) लाख में | धरोहर राशि (EMD) (रुपये में) | निविदा प्रपत्र की लागत (रूपये में) | ठेकेदार की श्रेणी | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD _468627_1 | Providing High skilled / Skilled / Unskilled Man power as per Requirement for Cleanliness and other Works | 76.06 लाख | 57,050/- | 10000/ | पंजीकृत ठेकेदार /फर्म/कम्पनी | 16/01/26 |
| 2025_UAD 46874_1 | Construction of RCC drain At ward No. 09 | 07.86 लाख | 7,870/- | 2000/- | पंजीकृत ठेकेदार /फर्म/कम्पनी | 31/12/2025 |

1. इच्छुक निविदाकार बेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर एनआईटी देख सकते है।
2. एनआईटी में संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं ।
3. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद अमरकंटक जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

हार्दिक पंड्या का रोमांटिक अंदाज...

# फिफ्टी जड़कर गर्ल फ्रैंड माहिका को दिया फ्लाइंग किस




**अहमदाबाद। हार्दिक पांड्या ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित टी20 इंटरनेशनल मैच हार्दिक पंड्या ने शानदार बल्लेबाजी की। 19 दिसंबर (शुक्रवार) को खेले गए मैच में उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में अपना 7वां टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक पूरा किया। हार्दिक पंड्या जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए, तब भारत ने अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव के विकेट गंवा दिए थे।**

टीम को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी और हार्दिक ने आते ही आक्रामक रवैया अपनाया। अपनी इनिंग्स की पहली ही गेंद पर उन्होंने छक्का लगाया, जो सीधे कैमरामैन को जाकर लगा। इसके बाद हार्दिक पंड्या ने साउथ अफ्रीका के स्पिनर जॉर्ज लिंडे पर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने लिंडे के एक ओवर में 2 चौके और 2 छक्के जड़े, जिससे उस ओवर में 27 रन आए। इससे साफ हो गया कि हार्दिक का इरादा मैच का रुख बदलने का है। हार्दिक लगातार गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने की कोशिश कर रहे थे।

## सेलिब्रेश हुआ वायरल

कॉर्बिन बॉश के एक ओवर में हार्दिक पंड्या ने 2 छक्के और 1 चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।अर्धशतक पूरा करने के बाद उन्होंने बल्ला उठाकर जश्न मनाया और स्टैंड्स में मौजूद अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा को फ्लाइंग किस दिए, जो उनकी इस पारी से बेहद खुश नजर आईं। हार्दिक और माहिका इस साल की शुरुआत से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या ने 16 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी, जो किसी भारतीय खिलाड़ी टी20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक रहा। इससे पहले यह रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। आखिर में हार्दिक पांड्या 25 गेंदों में 63 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उनकी इस तूफानी पारी की बदौलत भारत ने 231 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक (टी20 इंटनरनेशनल)

- 12 गेंदें- युवराज सिंह 1ह्य इंग्लैंड, डरबन, 2007 विश्व कप
- 16 गेंदें- हार्दिक पंड्या 1ह्य साउथ अफीका, अहमदाबाद, 2025*
- 17 गेंदें- अभिषेक शर्मा 1ह्य इंग्लैंड, वानखेड़े, 2025
- 18 गेंदें- केएल राहुल 1ह्य स्कॉटलैंड, दुबई, 2021
- 18 गेंदें- सूर्यकुमार यादव 1ह्य साउथ अफीका, गुवाहाटी, 2022

टीम इंडिया से बाहर होने पर छलका ईशान किशन का दर्द

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद चयन नहीं हुआ तो लगा बहुत बुरा

**पुणे, एजेंसी**

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन लगभग दो सालों से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। ईशान 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन उसके बाद उनका करियर एक मुश्किल दौर से गुजरा है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 ने ईशान को खुद को साबित करने का सबसे बड़ा मंच दिया, जिसे उन्होंने जमकर भुनाया।

मैच के बाद ईशान किशन ने उस मुश्किल दौर पर खुलकर बात की, जब उन्हें भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। ईशान किशन ने कहा, जब मेरा चयन नहीं हुआ, तो मुझे बहुत बुरा लगा क्योंकि मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। लेकिन मैंने खुद से कहा कि अगर इतने प्रदर्शन के बाद भी मौका नहीं मिल रहा, तो मुझे और बेहतर करना होगा, अपनी टीम को जिताना होगा। ईशान किशन ने इस खिताबी जीत को अपने क्रिकेट करियर का सबसे खुशी का पल बताया। ईशान कहते हैं, यह मेरे करियर का सबसे खुशी का पल है, क्योंकि मेरी कप्तानी में हमने पहली बार कोई घरेलू टूर्नामेंट जीता है। यहां आपको खुद को साबित करना था।

ईशान किशन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। ईशान ने 10 मैचों में 57.44 की औसत और 197.32 की स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक लगाए।



## झारखंड ने बनाया ये रिकॉर्ड

झारखंड की कप्तानी करने उतरे ईशान किशन ने हरियाणा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में तूफानी शतक जड़कर अपनी टीम को पहली बार खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। यह टूर्नामेंट ईशान के लिए खास रहा, जहां उन्होंने फाइनल में धमाकेदार खेल दिखाकर यह साफ कर दिया कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। ओपनिंग करने उतरे ईशान किशन ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और सिर्फ 45 गेंदों में शतक पूरा कर लिया। उन्होंने 49 गेंदों पर 101 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। ईशान का यह टी20 क्रिकेट में छठा शतक रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने पांचवीं बार शतकीय पारी खेली। ईशान किशन के तूफानी शतक के दम पर झारखंड ने 3 विकेट पर 262 रन ठोक दिए, जो किसी भी टी20 टूर्नामेंट फाइनल में बनाया गया सबसे बड़ा टीम स्कोर रहा। जवाब में हरियाणा की टीम दबाव में आ गई और 193 रन पर ऑलआउट हो गई। झारखंड ने यह मुकाबला 69 रन से जीतकर इतिहास रच दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान आज

# क्या खराब फॉर्म के बावजूद वर्ल्ड कप खेलेंगे गिल, टीम चयन से जुड़े हैं कई अहम सवाल

**मुंबई, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। सिर्फ तीन टी-20 और 49 दिन बाद सात फरवरी 2026 से टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज हो जाएगा, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान आज दोपहर डेढ़ बजे होगा। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करेंगे। टीम में चार बैटर, दो विकेटकीपर, चार ऑलराउंडर और पांच गेंदबाज का कॉम्बिनेशनल बनाया जा सकता है। इससे पहले कि भारतीय टीम का ऐलान हो, फैंस के सामने ये पांच सवाल 'गंभीर मुद्दा' बनकर खड़े हैं।

**आउट ऑफ फॉर्म सूर्या को ढोना कितनी बड़ी मजबूरी?**- बीसीसीआई में कोई भी खुलकर नहीं कह रहा, लेकिन भारत में होने वाला यह टूर्नामेंट सूर्यकुमार के लिए राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के तौर पर आखिरी हो सकता है। वह 35 साल के हो चुके हैं और पिछले एक साल से फॉर्म में नहीं हैं। सूर्यकुमार कप्तान होने की वजह से ही पिछले 14 महीनों और 24 मैचों में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड के लिए भी टी-20 टीम चुनेगी और वह टीम भी विश्व कप वाली टीम जैसी ही होगी।

**शुभमन गिल:** हम सबको पता है कि शुभमन गिल का गेम मॉर्डन टी-20 के टेम्पलेट से बिलकुल अगल है। वह सेट होने में समय लगाते हैं। गिल से आते ही बड़े शॉट की उम्मीद करना बेईमानी है। सिर्फ इतना ही नहीं शुभमन गिल के आने से टीम का कॉम्बिनेशन भी गड़बड़ हो जाता है। उनके ओपनिंग में आने से संजू सैमसन की जगह खतरे में पड़ती है। पिछली 18 टी-20 पारियों में नजर डाले तो शुभमन गिल का बल्ला बुरी तरह फ्लॉप नजर आता है। 18 पारियों में गिल ने 25.13 की औसत से सिर्फ 377 रन ही बनाए हैं।




## क्या यशस्वी जायसवाल के साथ फिर अन्याय होगा?

मौजूद भारतीय टी-20 टीम में किसी भी जगह के लिए ज्यादा मुकाबला नहीं है, लेकिन यशस्वी जायसवाल जैसे अच्छे विकल्प के बावजूद शुभमन गिल की टीम में मौजूदगी पर सवाल उठ रहे हैं। देखना होगा कि चयनकर्ता जायसवाल को न्यूजीलैंड सीरीज के लिए एक्स्ट्रा खिलाड़ी के तौर पर लेते हैं या नहीं, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें आजमाया जा सके। सैमसन के लिए विकेटकीपिंग में भी अब दूसरा विकल्प होने और गिल को उप-कप्तान बनाए जाने की वजह से जायसवाल के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल है। जायसवाल किसी और खास रोल में फिट नहीं बैठते।

**यशस्वी जायसवाल**- युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल अगर इस मौके को हाथ से गंवा देंगे तो अफसोस करेंगे। गिल की जगह उन्हें ओपनिंग पोजिशन पर फिट होना होगा।

### रिंकू सिंह बनाम वाशिंगटन सुंदर

कागज पर इस 15 सदस्यीय टीम में वाशिंगटन सुंदर ही कमजोर कड़ी दिखते हैं, जिन्होंने 57 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है। वह इस फॉर्मेट में मुख्य रूप से गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। मगर हाल के दिनों में हेड कोच गौतम गंभी ऑलराउंडर्स को जिस तरह तरजीह दे रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि उन्हें वर्ल्ड कप स्क्वॉड में जगह मिल जाएगी और रिंकू सिंह बदकिस्मत ही साबित होंगे। रिंकू सिंह पिछले टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा नहीं थे। एशिया कप में एकमात्र मौका मिलने के बाद उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज से बाहर करके टीम मैनेजमेंट ने संकेत साफ कर दिया था कि उन्हें वर्ल्ड कप स्क्वॉड में भी शायद ही जगह मिले।

### संजू सैमसन को लेकर क्या स्थिति है?

फिलहाल रिजर्व ओपनर के तौर पर संजू सैमसन हैं। सैमसन को अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद गिल की वापसी के बाद इस रोल से हटा दिया गया। अगर टी-20 विश्व कप छह महीने दूर होता तो चयन समिति के पास कप्तानी के लिए और नाम सोचने का मौका होता, लेकिन सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ होने वाले पहले मैच से पहले सिर्फ पांच मैच बचे हैं, ऐसे में कोई भी चयन समिति टीम में बदलाव नहीं करना चाहेगी।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स

# रत्चानोक इंतानोन की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बरकरार



**हांग्जो ।** पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के शुरुआती लीग स्टेज में चीन की तीसरी सीड हान यू पर आसान जीत के साथ महिला सिंगल्स ग्रुप बी से आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदें बनाए रखीं। हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में, रत्चानोक 38 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-10 से विजेता बनीं। इस बीच, ग्रुप ए में, कोरिया की टॉप सीड से यंग और अकाने यामागुची वरीयता में शीर्ष पर रहीं, जिससे सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की हो गई।

से यंग तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहीं, जबकि यामागुची तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी तीन मैचों में एक जीत से एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि टोमोका मियाजाकी चार खिलाड़ियों के ग्रुप में तीन हार और बिना किसी अंक के आखिरी स्थान पर रहीं। से यंग ने चौथी सीड वाली यामागुची को तीन कड़े गेम में हराया, पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 47 मिनट में 13-21, 21-5, 21-14 से जीत हासिल की। उसी कोर्ट 2 पर खेले गए एक मैच में, इंडोनेशिया की पुत्री ने जापान की टोमोका मियाजाकी को दो गेम में हराया, 38 मिनट में 21-17, 21-9 से जीत हासिल की। शाम के सेशन में, भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ग्रुप बी के मुकाबले में मलेशिया के दूसरी सीड वाले एरॉन चिया और सोह वूई यिक पर जीत के साथ अपने ग्रुप का अंत करने की उम्मीद करेंगे।

मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

कमल हासन से मिलकर भावुक हुए अनुपम खेर, लंबा-चौड़ा पोस्ट किया साझा

# बोले- उनके अभिनय का प्रशंसक रहा हूं

भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अनुपम खेर की मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोनों की मुलाकात हुई। यह मुलाकात अचानक हो गई जब दोनों काम के सिलसिले में दिल्ली में मौजूद थे। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने लिखा कि वर्षों से वह कमल हासन की कला और उनकी भूमिकाओं के प्रशंसक रहे हैं और एक अभिनेता के तौर पर उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। अनुपम खेर ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा- दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई। मैं वर्षों से उनकी कला और उनके विविध अभिनय का प्रशंसक रहा हूं और एक अभिनेता के तौर पर उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। उनकी शानदार परफॉर्मेंस की लिस्ट अनगिनत है।



## लाउंज में दोनों की एक घंटे तक की बात

दिल्ली एयरपोर्ट के लाउंज में दोनों कलाकार करीब एक घंटे तक साथ बैठे। इस दौरान बातचीत सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रही। अनुपम खेर ने बताया कि उस एक घंटे में ऐसा लगा मानो जिंदगी भर की बातें हो गई हों। वर्ल्ड सिनेमा, महान निर्देशक के बालाचंदर, जीवन के अनुभव, पसंदीदा किताबें और सिनेमा के एक और दिग्गज रजनीकांत- हर विषय पर खुलकर चर्चा हुई। अनुपम खेर इन दिनों अपने निर्देशन और अभिनय दोनों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म 'होमबाउंड' की टीम को शुभकामनाएं दीं, जो ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है। अनुपम खेर का मानना है कि यह फिल्म आखिरी पड़ाव तक जरूर पहुंचेगी और भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करेगी।

खुदा हाफिज फेम एक्ट्रेस शिवालिका ओबेरॉय ने किया प्रेग्नेंसी का ऐलान

# खास अंदाज में साझा की खुशखबरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिवालिका ओबेरॉय और मशहूर निर्देशक-निर्माता अभिषेक पाठक की जिंदगी में जल्द ही एक नया और बेहद खास अध्याय जुड़ने वाला है। शादी के करीब तीन साल बाद यह कपल अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है। इस खुशखबरी को दोनों ने बेहद खूबसूरत अंदाज में सोशल मीडिया के जरिए साझा किया, जिसके बाद से ही फिल्म इंडस्ट्री और फैंस की तरफ से लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है। शिवालिका और अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें



कपल की खुशी साफ झलक रही है। तस्वीरों में शिवालिका लाल रंग की ड्रेस में नजर आ रही हैं और उनके हाथ में नन्हे बेबी सॉक्स हैं, जो आने वाली नई जिंदगी का प्रतीक हैं। वहीं अभिषेक पाठक काले रंग की शर्ट में शिवालिका को थामे हुए दिखाई दे रहे हैं। क्रिसमस ट्री के सामने खड़ी यह जोड़ी बेहद सुकून और प्यार से भरी नजर आती है। एक दूसरी तस्वीर में दोनों ने क्रिसमस ऑर्नामेंट पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है- बेबी पाठक आने वाला है। इस फोटो में कपल ने अपने चेहरे छुपा रखे हैं, लेकिन उनकी खुशी शब्दों से कहीं ज्यादा तस्वीरों में झलक रही है। इस खास पोस्ट के साथ कपल ने कैप्शन में लिखा कि उनकी लव स्टोरी अब अपने सबसे खूबसूरत पड़ाव पर पहुंच रही है और उनकी दुनिया में एक छोटी-सी ब्लेसिंग जुड़ने वाली है।



मेट्रो बाजार

# टैक्स रिफंड की धीमी गति के कारण प्रत्यक्ष कर संग्रह 8% बढ़ा

**नई दिल्ली।** इस वित्त वर्ष 1 अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच प्रत्यक्ष कर की शुद्ध वसूली में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई, क्योंकि रिफंड जारी करने की प्रक्रिया धीमी हो गई थी। आयकर विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि होती है।

**गैर-कॉर्पोरेट कर से प्राप्त राजस्व**- इसमें कॉर्पोरेट कर से प्राप्त शुद्ध राजस्व 8.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक और गैर-कॉर्पोरेट कर से प्राप्त राजस्व लगभग 8.47 लाख करोड़ रुपये शामिल है। चालू वित्त वर्ष की 17 दिसंबर तक प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से प्राप्त शुद्ध राजस्व 40,195 करोड़ रुपये रहा।

## सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि

पिछले वर्ष की तुलना में रिफंड जारी करने में 14 प्रतिशत की गिरावट आई और यह राशि 2.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रिफंड को समायोजित करने से पहले, सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 20.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

**वित्त वर्ष 2026 में एसटीटी से 78,000 करोड़ जुटाने का लक्ष्य**- चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह का अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये लगाया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.7 प्रतिशत अधिक है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# घरेलू निवेशकों ने इस साल इक्विटी बाजार में डाले 4.5 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** घरेलू निवेशकों ने इस वर्ष म्यूचुअल फंड और अन्य अप्रत्यक्ष चैनलों के माध्यम से इक्विटी बाजारों में लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार यह आंकड़ा घरेलू बचत में बाजार से जुड़े परिसंपत्तियों की ओर लगातार हो रहे बदलाव को दर्शाता है।




इसमें कहा गया है कि महामारी के बाद भारत में खुदरा निवेशकों के आधार में हुई वृद्धि ने जबरदस्त गति पकड़ी है। व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2019 में लगभग तीन करोड़ से बढ़कर 2025 में 12 करोड़ से अधिक हो गई। इस वृद्धि के साथ-साथ प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश और म्यूचुअल फंड जैसे अप्रत्यक्ष माध्यमों से भी निवेशकों की भागीदारी बढ़ी है।

2020 से, बाजार से जुड़े साधनों में संचयी घरेलू निवेश 17 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो बचत व्यवहार में संरचनात्मक परिवर्तन को रेखांकित करता है।

रिपोर्ट के अनुसार व्यक्तिगत निवेशकों का विस्तार 2019 में लगभग 3 करोड़ निवेशकों से बढ़कर 2025 में 12 करोड़ से अधिक हो जाना अब बाजार से जुड़े परिसंपत्तियों की ओर घरेलू बचत में वृद्धि के साथ हो रहा है। इसके विपरीत, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की रुचि पूरे वर्ष कमजोर बनी रही, और विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में अपना निवेश कम करना जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू भागीदारी ने अस्थिर विदेशी प्रवाह के प्रभाव को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे बाजारों को बाहरी झटकों को झेलने में मदद मिली है।

## न्यूज विंडो

### बांग्लादेश हिंसा पर थरूर बोले-ये प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से आ रही हिंसा की खबरों पर कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रोथोम आलो और डेली स्टार के दफ्तरों पर की गई भीड़ द्वारा हिंसा और आगजनी सिर्फ दो मीडिया संस्थानों पर हमला नहीं है, बल्कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और बहुलतावादी समाज की बुनियाद पर सीधा प्रहार है।थरूर ने डेली स्टार के संपादक महफूज अनाम और अन्य साहसी पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। उनका कहना है कि पत्रकारों को अपनी जान बचाने के लिए संदेश भेजने पड़ें, जबकि उनके दफ्तर जल रहे हों यह किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बेहद खतरनाक संकेत है।उन्होंने बताया कि बढ़ते सुरक्षा खतरों के चलते खुलना और राजशाही स्थित भारतीय सहायक उच्चायोगों में वीजा सेवाओं का निलंबन एक बड़ा झटका है। इसका सीधा असर छात्रों, मरीजों और परिवारों पर पड़ा है, जो भारत-बांग्लादेश के बीच सामान्य होती आवाजाही से राहत महसूस कर रहे थे।

### एक्शन में हरियाणा पुलिस, 900 जगहों पर मारी रेड

**पंचकूला।** हरियाणा पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के अंतर्गत 900 से ज्यादा जगहों पर एक साथ रेड की। यह कैंपेन राज्य स्तर पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा है। ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने 156 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि 60 नई FIR दर्ज कीं। वहीं, 44 फरार और हिंसक अपराधियों को पकड़ा, और आर्म्स एक्ट के तहत आठ आरोपियों को अरेस्ट किया।हरियाणा पुलिस के मुताबिक, दादरी में पुलिस ने 3 किलोग्राम चांदी, 22 ग्राम सोना और लगभग 8 लाख रुपये की ज्वेलरी ज़ब्त की। आरोपियों के पास से एक कार और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।नूंह में पुलिस ने 1.50 लाख कैश और एक मोटरसाइकिल जब्त की। पूरे राज्य में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में10,12,400 रुपये कैश जब्त किए। इसके अलावा, पुलिस ने एंटी-गैंबलिंग ऑपरेशन के दौरान 90 हजार भी जब्त किए।

**17 फरार लोग गिरफ्तारः** अकेले गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस ने 17 फरार लोगों को गिरफ्तार किया। 55 हॉटस्पॉट पर अपने सर्च ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने सात मोटरसाइकिल और एक स्कूटर जब्त किया। फरीदाबाद और सोनीपत में, इन जिलों से क्रमशः चार हिंसक अपराधियों को पकड़ा गया। इसके अलावा, एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन के तहत, हरियाणा पुलिस ने फरीदाबाद से 3.5 द्मद्द गांजा बरामद किया।

### लंबी बीमारी के बाद नहीं रहे साउथ के दिग्गज अभिनेता श्रीनिवासन



**चैन्नई।** मलयालम सिनेमा के मशहूर अभिनेता श्रीनिवासन का लंबी बीमारी के बाद आज निधन हो गया है। अभिनेता के निधन से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। सितारे और फैंस अपने पसंदीदा अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। 69 साल के मलयालम एक्टर-राइटर और फिल्ममेकर श्रीनिवास एक लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थे उदयमपेरूर (केरल) में उनके घर पर ही एक्टर का इलाज चल रहा था। श्रीनिवासन का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें त्रिप्पुनिथुरा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां सुबह 8:22 मिनट पर अभिनेता का निधन हो गया।फिलहाल, मलयालम अभिनेता के पार्थिव शरीर को तालुक अस्पताल में रखा गया है। उनकी अंतिम क्रिया को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। वह अपने पीछे अपनी पत्नी विमला और दो बच्चों को छोड़ गए। श्रीनिवासन का बड़ा बेटा विनीत श्रीनिवासन सिंगर और एक्टर-प्रोड्यूसर हैं। उनके छोटे बेटे ध्यान श्रीनिवासन ने भी पिता के नक्शे कदम पर चलकर अपना नाम बनाया।




## घने कोहरे से थमी रफ्तार, एक्यूआई 400 पार

**नई दिल्ली।** राजधानी में स्थानीय कारकों के कारण अधिक प्रदूषण बढ़ रहा है। हवा की गति धीमी होने के कारण लगातार 5वें दिन भी हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। आज सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। साथ ही स्मॉग की घनी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई।दृश्यता बेहद कम होने से सड़कों और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, शनिवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 376 दर्ज किया गया है। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार दर्ज किया गया है।

### सीरिया में ऑपरेशन हॉकआई शुरू, ट्रंप ने 3 नागरिकों की मौत का लिया बदला

# आईएसआईएस के 70 ठिकानों पर अमेरिकी जेट्स ने बरसाए बम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर हुए हमले के बाद अमेरिका ने बड़ा जवाबी एक्शन लिया है। अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को सीरिया में इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस के दर्जनों ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई पिछले सप्ताह अमेरिकी सैन्य कर्मियों पर हुए हमले का बदला है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही साफ कर चुके थे कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पुष्टि की है कि सीरिया में ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई 13 दिसंबर को मध्य सीरिया के पलमायरा इलाके में अमेरिकी और सहयोगी बलों पर हुए हमले के जवाब में की गई है। हेगसेथ ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत आईएसआईएस के आतंकियों, उनके 70 से ज्यादा ठिकानों और हथियारों को सीधे निशाना बनाया गया।

### क्या अमेरिका शुरू कर रहा नई जंग

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह किसी नई जंग की शुरुआत नहीं है, बल्कि अमेरिकी जवानों पर हुए हमले का बदला है। हेगसेथ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाया गया, तो अमेरिका हमलावरों को खोजकर खत्म करेगा। उनके मुताबिक अमेरिकी सेना ने अपने दुश्मनों को मारा है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार यह एयरस्ट्राइक मध्य सीरिया में की गई और इसमें ISIS से जुड़े दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया गया।





### पाकिस्तान में फिर आतंकी हमला, चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके उत्तर वजीरिस्तान में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ। सुसाइड कार बॉम्बर और तीन बंदूकधारियों ने एक गांव के पास स्थित सैन्य चौकी पर हमला किया, जिसके बाद घंटों चली गोलीबारी में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। इस हमले में 15 नागरिक घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना और स्थानीय पुलिस के अनुसार, यह इलाका खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आता है, जो अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और अतीत में पाकिस्तानी तालिबान तथा अन्य उग्रवादी संगठनों का गढ़ रहा है। पुलिस ने बताया कि धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के कई मकान ढह गए, जिससे स्थानीय नागरिकों को गंभीर चोटें आईं। सेना के बयान में कहा गया कि सभी हमलावरों को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। सेना के मुताबिक, हमलावरों ने पहले चौकी की सुरक्षा घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को चौकी की बाहरी दीवार से टकरा दिया। इस विस्फोट से पास के घरों और एक मस्जिद को भी नुकसान पहुंचा।



### शहरी विकास में तकनीक का नवाचार

## उत्तरी एवं मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में उत्तरी और मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक आज कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित की गई।बैठक में मप्र सहित यूपी, राजस्थान, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के शहरी विकास मंत्री और अधिकारी शामिल होंगे। आयोजन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आदि मौजूद रहे।

मप्र की तरफ से शहरी विकास के नवाचार जैसे फेस रिकग्निशन अटेंडेंस, जीआईएस बेस्ड जलापूर्ति-सीवेज मॉनिटरिंग और निकायों से जारी होने वाले सर्टिफिकेट के लिए अर्बन लॉकर आदि साझा किए गए। आयोजन में स्वच्छ सर्वे 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह बैठक राज्यों को अपनी योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने, क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों को साझा करने और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान का एक बड़ा अवसर प्रदान किया है।

### मप्र द्वारा प्रस्तुत नवाचार

**फेस** रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम में बायोमेट्रिक मशीन में स्टाफ के चेहरे को पहचानकर ही हाजिरी दर्ज होती है। काम से गायब रहने वालों की पहचान आसान हो जाती है।

**अमृत** रेखा एप-वेब एप्लीकेशन है, जिसमें जलापूर्ति-सीवेज से जुड़े कार्यों की प्रगति की रियल टाइम जीआईएस बेस्ड मॉनिटरिंग होती है। मैदानी अमला सर्वे, जीआईएस टैग्ड फोटो-वीडियो और मैपिंग अपलोड करता है और अधिकारी ऑनलाइन काम की प्रगति देखते हैं।

**अर्बन** लॉकर और ई-नगरपालिका का मप्र में इंटीग्रेशन किया जा रहा है। निकायों में जन्म-मृत्यु, बिल्डिंग परमिशन और प्रॉपर्टी टैक्स जैसे दस्तावेज जारी होते ही अर्बन लॉकर में सुरक्षित हो जाते हैं।

### बाड़मेर में ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड़

## 80 करोड़ रुपए की एमडी जब्त भारी मात्रा में सामग्री भी बरामद

**बाड़मेर, एजेंसी**

बाड़मेर जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना सदर क्षेत्र के केरली, आदर्श चवा इलाके में छापामारी कर अवैध एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 40 किलो एमडी ड्रग बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 80 करोड़ रुपये आंकी गई है।



पुलिस ने फैक्टरी से भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त रसायन, मशीनें और अन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। जब्त सामग्री से लगभग 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त एमडी ड्रग्स तैयार की जा सकती थी। इस पूरी सामग्री की कुल कीमत करीब 85 करोड़ रुपये बताई गई है, जिससे यह मामला और भी गंभीर हो जाता है।

### डीएसटी की सूचना पर की गई संयुक्त कार्रवाई

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के आदर्श चवा इलाके में एक मकान में अवैध एमडी फैक्टरी संचालित हो रही है। सूचना के आधार पर डीएसटी और सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने भैराराम पुत्र हनुमानाराम जाट के मकान पर दबिश दी, जहां से अवैध मादक पदार्थ और निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने मौके से मकान मालिक भैराराम पुत्र हनुमानाराम जाट निवासी केरली, आदर्श चवा को गिरफ्तार कर लिया है।

### विश्व ध्यान दिवस पर हार्टफुलनेस का एक विश्व-एक हृदय कार्यक्रम कल

## 6 लाख से अधिक लोग करेंगे सामूहिक ध्यान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो ।** हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया गया की कल विश्वभर के करोड़ों लोग 'विश्व ध्यान दिवस' के अवसर पर आयोजित वैश्विक हार्टफुलनेस ध्यान सत्र में एक साथ ध्यान करेंगे। यह ध्यान सत्र में शामिल होने के लिए भोपाल सहित मध्य प्रदेश से भी 6 लाख से अधिक नागरिकों के पंजीकरण अभी तक आ चुके हैं। वैश्विक हार्टफुलनेस संस्था इस अवसर को 'एक विश्व, एक हृदय' की थीम के साथ मना रहा है, जो सामूहिक शांति, आंतरिक स्थिरता और साझा मानवता की भावना को दर्शाती है। यह सत्र हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक एवं रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष परम पूज्य दाजी के मार्गदर्शन में, हार्टफुलनेस के वैश्विक मुख्यालय तथा विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र कान्हा शांति वनम से संचालित किया जाएगा।



इस अवसर पर हार्टफुलनेस मध्य प्रदेश शासकीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नील केलकर ने कहा कि ध्यान आज केवल व्यक्तिगत शांति का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और सामूहिक चेतना को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वैश्विक ध्यान दिवस में सहभागिता कर इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। डॉ केलकर ने मध्य प्रदेश में इस वैश्विक पहल के सफल समन्वय और विस्तार पर कहा कि भाई गजेंद्र गौतम रीजनल फेसिलिटेटर हार्टफुलनेस के प्रादेशिक नेतृत्व मेंहम सभी शामिल हैं क्योंकि आंकड़े कहते हैं कि आज दिनांक तक मध्य प्रदेश ध्यान के लिए इतना तैयार है कि समूचे भारत में सबसे ज्यादा नागरिकों ने मध्य प्रदेश से रजिस्टर किया, जिसमें भोपाल अग्रणी पंक्ति में है। डॉ नील केलकर ने सभी भोपाल और आसपास जुड़े सभी जिलावासियों से अपील की है कि वैश्विक कल्याण की इस पहल में आप भी शामिल हों। वहीं हार्टफुलनेस मध्य प्रदेश एमपी03 के मीडिया समन्वयक पर्यावरणविद् एस.डी. वीरेंद्र, ने इस पहल को मानसिक शांति और पर्यावरणीय चेतना के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया। उन्होंने कहा कि आंतरिक संतुलन के बिना प्रकृति के साथ संतुलन संभव नहीं है, और ध्यान व्यक्ति को संवेदनशील, जिम्मेदार तथा प्रकृति के प्रति जागरूक बनाता है।

## मेट्रो एंकर

### भगवान राम को मुसलमान बताने से भड़के अयोध्या के साधु संत

# महामंडेलश्वर बोले...सनातनी जाकर उनकी जीभ काट लाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भगवान श्री राम को लेकर टीएमसी विधायक मदन मित्रा के विवादित बयान पर साधु-संतों ने नाराजगी जाहिर की है। साधु संतों का कहना है कि सनातनी ऐसे लोगों की बुद्धि ठीक करना जानते हैं। अयोध्या से सीताराम दास महाराज ने कहा कि टीएमसी विधायक का बयान बेहद निंदनीय और दुखद है।

महामंडलेश्वर विष्णु दास महाराज ने कहा कि सभी सनातनी जाकर उनकी जीभ काटकर ले आएं। जब जीभ नहीं होगी तो बोलेंगे क्या। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा है कि जब से बंगाल में बाबरी का शिलान्यास हुआ है,



तब से बाबरी का प्रेत उनके शरीर में घुस गया है। बाबर आतंकी था। टीएमसी विधायक के शरीर से बाबर के भूत को निकालने के लिए सभी सनातनी जाएंगे और बुद्धि ठीक कर वापस लौटेंगे। उनका दिमाग खराब हो गया है और उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। बता दें कि टीएमसी विधायक का एक विडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भगवान राम मुसलमान थे।

### अयोध्या में ऐसे बयान देकर दिखाएं, सरयू में बहा देंगे

करपात्री महाराज ने कहा कि भगवान राम सभी धर्मों के हैं। राम पूरी दुनिया के पिता हैं, लेकिन जिस टीएमसी विधायक ने कहा कि राम मुस्लिम हैं, उन्होंने बहुत ही गलत भाषा का इस्तेमाल किया है। उन्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए था। वे अयोध्या में ऐसे बयान देकर दिखाएं, सरयू में बहा देंगे।

### करोड़ों सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़

महामंडलेश्वर विष्णु दास महाराज ने कहा कि ममता बनर्जी के विधायक मदन मित्रा की सोच सही नहीं है। अगर उनकी सोच सही होती, तो वे राम को मुसलमान नहीं कहते। इससे पता चलता है कि ऐसे लोग भारत में रहते हुए राम का अपमान कर रहे हैं, सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं और करोड़ों सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। राम हमारे जीवन और अस्तित्व का आधार हैं।

### हुमायूं कबीर ने फिर उगला जहर, बोले-

## यह कोई अयोध्या नहीं, जो बाबरी को कोई हाथ लगा दे

**कोलकाता, एजेंसी**



तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि मुर्शिदाबाद जिले में तीन साल के अंदर बाबरी नाम की मस्जिद बनाई जाएगी और यह अयोध्या नहीं, बाबरी मस्जिद को कोई छू नहीं सकता। फरवरी 2026 से मस्जिद निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। हुमायूं ने कहा कि मेरा बाबर से कोई लेना-देना नहीं है। मैंने इसका नाम बाबरी मस्जिद इसलिए रखा क्योंकि लोगों को आज भी दर्द होता है। तमाम समर्थकों और दानदाताओं से 20 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं और यह रकम पूरी तरह से मस्जिद के लिए इस्तेमाल की जाएगी। फरवरी में तैयारियां शुरू हो जाएंगी और तीन साल में मस्जिद पूरी हो जाएगी। हर हफ्ते यहां शुक्रवार की नमाज पढ़ी जाएगी, लाखों ईंटें पहले ही आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के दौरान जय श्रीराम बोलना सही है, तो अल्लाह हू अकबर बोलना भी सही है।उल्लेखनीय है कि 6 दिसंबर को टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बांग्लादेश की सीमा से सटे मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखी थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564